फाल्गुन शुक्ल - 12 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 20 ▪ अंक - 225 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » मंगलवार » 11-03-2025 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित





।।ॐ ह्रीं श्रीं अर्हम् श्री केसरिया आदिनाथाय नमः।।

।। श्री शीतलनाथाय नमः।। ।। श्री जीरावला पार्श्वनाथाय नमः।। ।। श्री चन्द्रप्रभस्वामिने नमः।।



## दक्षिण भारत श्री बेंगलोर नगरे शंकरपुरम् मध्ये

## श्री केसरिया आदिनाथजी प्राण प्रतिष्ठा एवं प्राचीन श्री आदिनाथजी प्रतिष्ठा निमित्ते

# नवाह्निका महोत्सव

**नवाह्निका महोत्सव :** फागण सुदि १० से चैत्र वदि ३, रविवार, दि. 09-03-2025 से सोमवार, दि. 17-03-2025

**पावनकारी सानिध्य:** सम्यग् ज्ञान पिपासु प.पू. आचार्यदेवश्री रत्नशेखरसूरीश्वरजी म.सा. के शिष्यरत्न मरुधर रत्न **आचार्य श्री रत्नाकरसूरीश्वरजी म.सा.**, श्रुतोपासक आचार्य श्री रत्नसंयम सूरीश्वरजी म.सा. आदि ठाणा ५

## सकल श्री जैन संघ को भावभरा हार्दिक आमंत्रण

### तृतीय दिवसः फागण सुदि १२, मंगलवार, दि. 11-03-2025

प्रातः 6-00 बजेः मंदिरजी में भगवान माता-पिता, इन्द्र-इन्द्रानी स्थापना विधान, सुबह 7-30 बजे : सुबह का नाश्ता

**सुबह 9-30 बजे : परमात्मा के च्यवन कल्याणक (स्टेज प्रोग्राम) अयोध्या नगरी**

(बेंगलोर में प्रथम बार पूरा च्यवन कल्याणक कार्यक्रम डिजीटल एवं टेक्नलॉजी के साथ प्रस्तुत)

सुबह 11-00 से 1-30 बजे तकः सुबह की नवकारसी,सायं : 4.30 से 6-00 बजे तक - सायं नवकारसी,

सायं : 6.00 बजे - नियोजित लाभार्थी परिवारों का अयोध्या नगरी में बहुमान, सायं : 7.00 बजे - भव्य भक्ति संध्या - वैभव बागमार

श्री केसरिया आदिनाथ प्रतिष्ठा महोत्सव निमित्ते बेंगलोर के बैंगलोर के समस्त जैन धार्मिक पाठशाला के गुरूजी, सहयोगी टीचर एवं वाटिका टीचर्स का बहुमान

मंगलवार, दि. 11-03-2025, दोपहर 1-00 बजे से स्थलः भरत चक्रवर्ति भोजन मंडप, माराठा हॉस्टल, बेंगलोर

### चतुर्थ दिवस : फागण सुदि १३, बुधवार, दि. 12-03-2025

प्रातः 6-00 बजे : भगवान जन्मकल्याणक मंदिरजी में, सुबह 7-30 बजे : सुबह का नाश्ता

सुबह 9-30 बजे : जन्म कल्याणक की उजवणी, ५६ दिक्कुमारी, इन्द्र-इन्द्राणी महोत्सव आदि स्टेज प्रोग्राम अयोध्या नगरी में

सुबह 10-30 बजेः मेरु पर्वत पर १०८ इन्द्र-इन्द्राणी द्वारा विशेष अभिषेक अयोध्या नगरी में

(बेंगलोर में प्रथम बार पूरा च्यवन कल्याणक कार्यक्रम डिजीटल एवं टेक्नलॉजी के साथ प्रस्तुत)

दोपहर 2-30 बजेः प्रतिमा भरानेवाले लाभार्थी परिवार द्वारा भराई भगवान, देव-देवी, ध्वजा-दंड-कलश एवं प्राचीन आदिनाथ भगवान 18 अभिषेक

सुबह 11-00 से 1-30 बजे तकः सुबह की नवकारसी, सायं : 4.30 से 6-00 बजे तक - सायं नवकारसी,

सायं : 6.00 बजे - नियोजित लाभार्थी परिवारों का अयोध्या नगरी में बहुमान, सायं : 7.00 बजे - भव्य भक्ति संध्या - राजीव विजयवर्गिय



#### सुबह का नाश्ता

पूज्य मातृश्री मिश्रीबाई पिताश्री हेमराजजी पावेछा के दिव्य आशीष से
पुत्र पुत्रवधु : किरणराजजी- पुष्पादेवी, सुरेशकुमारजी - भाग्यवंती,
पौत्र-पौत्रवधुः नवीन - मनीषा, चेतन - वनिता,
पौत्री पौत्रीजमाई : नेहा-उत्सवजी पुनमिया, प्रियंका - हितेशजी मरलेचा,
परपोता : हिमांशु, जिनांश, चेहेक, रिद्धि , दोहित्री : तानी, तानशी मरलेचा, रीती ,
सृष्टि पुनमिया एवं समस्त पावेछा परिवार (मरुधर - आऊवा)
फर्म : एम् के कलेक्शन , हिमालया सारी सेंटर, बेंगलोर

#### सुबह की नवकारसी

पूज्य पिताश्री स्व. शा उदयराजजी मातुश्री स्व. श्रीमती पिस्ताबाई मांडोथ के दिव्य आशीष से
पुत्र-पुत्रवधुः जोधराजजी - चंचलदेवी, प्रवीणकुमारजी - उर्मिलादेवी,
गिरीशकुमारजी - अनितादेवी, पौत्र-पौत्रवधुः आकाशजी - निशादेवी,
पुत्री-जमाईः श्रीमती झमकुदेवी - छगनलालजी खाँटेड़,
श्रीमती सुशीलादेवी - रमेशकुमारजी कुंकुलोल,
मंजु जैन - भाणेज संकेत जैन, श्रीमती विमलादेवी - सज्जनराजजी बरलोटा
पौत्र-पौत्रीः ईशा, प्रतीक, ध्रुव, फागुण एवं समस्त मांडोथ परिवार (मरुधर - आऊवा)
फर्मः साउड इंडिया सेल्स कोरपोरेशन, बेंगलोर

#### शाम की नवकारसी

पूज्य पिताश्री चंपालालजी कुंकुलोल के दिव्य आशीष से
एवं मातुश्री श्रीमती शांतीदेवी कुंकुलोल की प्रेरणा से
पुत्रः रमेशकुमारजी, पुत्र-पुत्रवधुः प्रवीणजी - कुसुमलता, राजेशजी - ममता,
पौत्र-पौत्रवधुः कौशिक - रिषिका, पौत्रः देव, दर्शन, विनीत, आर्यन, गर्व
पुत्री-जमाईः पिस्ताबाई - शान्तिलालजी श्रीश्रीमाल,
विमलाबाई - भवरलालजी परमार, जयंतीबाई - भवरलालजी
श्रीश्रीमाल एवं समस्त कुंकुलोल परिवार (मरुधर - बांता)
फर्मः देव दर्शन क्लॉथींग, राज युनिफार्मस्, बेंगलोर

| स्टेज प्रोग्राम-भक्ति भावना | भरत चक्रवर्ति भोजन मंडप | मंदिरजी | भक्ति भावना |
|---|---|---|---|
| श्री अयोध्या नगरी, किम्स हॉस्पीटल के सामने, बेंगलोर | मराठा हॉस्टल, बुल टेंपल रोड़, चामराजपेट, बेंगलोर | श्री आदिनाथ मंदिर, रंगरॉव रोड़, शंकरपुरम, बेंगलोर | राजीव विजयवर्गिय |

**सकल श्री जैन संघ से नम्र निवेदन है कि आप सपरिवार इस प्रतिष्ठा महोत्सव में पधारकर जिनशासन की शोभा बढावे**

विशेषः बहुत ही सुंदर भोजन व्यवस्था के साथ भक्त समूह ज्यादा होने पर सब की सुविधा हेतु वेटिंग के लिए अलग-अलग कलर बेल्ट की व्यवस्था रखी गई है । आपसे निवेदन है कि इस व्यवस्था में पूरा सहयोग प्रदान करें ।

## निमंत्रकः श्री आदिनाथ जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक ट्रस्ट, शंकरपुरम, बैंगलोर



# ‘शी राइजिंग’ कार्यक्रम में गूंजा महिला सशक्तिकरण का सूत्र

## ‘जीतो’ साउथ लेडीज विंग ने किया आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो साउथ लेडीज विंग द्वारा 'पहचान वर्टिकल' पहल के अंतर्गत नारी सशक्तिकरण का जश्न मनाने शी राइजिंग' कार्यक्रम का आयोजन भंडारी जैन कॉलेज में किया गया जिसमें 200 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। लेडीज विंग की अध्यक्षा बबीता रायसोनी ने सभी का स्वागत किया और अपने प्रेरणादायक संबोधन में महिलाओं की तुलना हीरे से की। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। जीतो साउथ के चेयरमैन रंजीत सोलंकी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, जो समाज महिलाओं को सशक्त करता है, वही वास्तव में प्रगति करता है। महिलाओं के प्रति हमारा व्यवहार ही सच्ची प्रगति को दर्शाता है। मुख्य सचिव नितिन लूनिया ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएँ दीं और आगामी 9 अप्रैल को नवकार दिवस के लिए पंजीकरण करने के लिए सब को प्रेरित किया। सीबी भंडारी स्कूल के कोषाध्यक्ष व जीतो नार्थ के सचिव अशोकभंडारी और स्कूल के सचिव चंपालाल दांतेवाड़िया ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

मुख्य वक्ता व प्रशिक्षक ज्योति चितलांगिया ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में एक पैनल चर्चा में सुप्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्ट सनम जैन, इवेंट मैनेजमेंट विशेषज्ञ सुमित्रा बरड़िया और फैशन डिज़ाइनर समता जैन ने महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर सार्थक चर्चा की। सुमित्रा बरड़िया ने अपने जीवन के उतार-चढ़ाव के अनुभवों को साझा किया। समता जैन ने लाइफलॉन्ग लर्निंग सूत्र पर अपने विचार व्यक्त किए। सनम जैन के पारिवारिक मूल्यों के साथ संतुलित जीवन जीने के मंत्र को सभी ने सराहा।संयोजिका अस्मिता चौहान व सहसंयोजिका निशा कोठारी ने अतिथियों का परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में हर महिला को एक पौधा भेंट कर सम्मान किया गया। जीतो लेडीज विंग के संयोजक प्रवीण सोफाड़िया ने अपनी शुभकामनाएँ दीं। इसके अलावा विभिन्न संबंधित संस्थाओं के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित थे मुख्य सचिव निधि पालरेचा ने धन्यवाद दिया।



# नारी समाज का गौरव हैं शासनमाता साध्वीप्रमुखाश्री : साध्वीश्री संयमलता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के गांधीनगर स्थित तेरापंथ भवन में साध्वीश्री संयमलताजी के सान्निध्य में शासनमाता साध्वीश्री कनकप्रभाजी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर अभ्यर्थना अभ्युदय कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस मौके पर साध्वीश्री ने कहा कि साध्वीश्री कनकप्रभाजी का जीवन उत्कर्ष, उर्ध्वारोहण व अभ्युदय का सफर था। उत्थान की कहानी में सकारात्मक सोच से उन्होंने विकास के पायदानों पर कदम बढ़ाते हुए शासन माता तक का लंबा सफर तय किया। उन्होंने कला से कनकप्रभा, कनकप्रभा से संघ महानिर्देशिका पद पर नियुक्त होकर नारी समाज का गौरव बढ़ाया। साध्वीश्री मार्दवश्रीजी ने कहा कि साध्वी प्रमुखा एक विलक्षण प्रतिभा की धनी थीं, वह अपने कृतित्व एवं श्रम से असाधारण बन गईं। साध्वीश्री मनीषाप्रभाजी ने साध्वीप्रमुखा के अनुशासन के प्रभाव के बारे में बताते हुए कहा, उनका जीवन मर्यादित व अनुशासित था। साध्वीश्री रौनकप्रभाजी ने उनको राइजिंग व्यक्तित्व बताते हुए गीतिका का गान किया। गांधीनगर तेरापंथ सभा के मंत्री विनोद छाजेड़ ने तेरापंथी सभाएं, युवक परिषदों, समस्त महिला मण्डलों, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, अणुव्रत समिति, तेरापंथ ट्रस्ट आदि के प्रतिनिधियों का स्वागत किया एवं पधारे हुए सभी गणमान्यजन का स्वागत किया। अध्यक्ष पारसमल भंसाली ने होली चातुर्मास गांधीनगर को प्रदान करने के लिए साध्वीजी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मेयर पद्मावती ने भी साध्वीप्रमुखा के गुणों का स्मरण किया। कार्यक्रम में विभिन्न संबंधित सभा-संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन साध्वीश्री मार्दवश्रीजी ने किया। कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र बैद ने धन्यवाद दिया।



# जीवन हमेशा सद्विचारों और सत्कार्यों पर हो आधारित : आचार्यश्री विमलसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

टुमकूरु/हिरियूर। सोमवार को टुमकूरु में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जैनाचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि अच्छे और बुरे विचारों, कार्यों, परिणामों और परिस्थितियों को पुण्य व पाप के रूप में अभिव्यक्त किया जाता है। वैसे पुण्य और पाप की परिभाषा अत्यंत गहरी और विस्तृत है। मनुष्य के जीवन में कदम-कदम पर इनकी प्रतीति होती है। कर्मवाद के सिद्धांत के अनुसार सोच-समझकर अथवा नासमझी में हम पुण्य और पाप के पथ पर आगे बढ़ते हैं। हमारे मन और विचारों की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होती है, लेकिन अच्छे और बुरे परिणामों को भुगतते समय पुण्य और पाप का लेखाजोखा भलीभांति समझ में आता है।

कर्मवाद के इस अटल सिद्धांत को समझने जैसा है। अच्छे का परिणाम सौभाग्य और बुरे का परिणाम दुर्भाग्य होगा, जब तक यह सत्य और तथ्य हम नहीं समझेंगे, तब तक जीवन पवित्र और पाप रहित नहीं बन सकता। जीवन का आधार हमेशा पुण्य पर, यानी अच्छे विचारों और अच्छे कार्यों पर होना चाहिए, यही सुख-शांति और उन्नति का पथ है। पाप प्रवृत्तियों को कम करने और पुण्य प्रवृत्तियों को बढ़ाने का मनोरथ होना चाहिए, यही श्रेष्ठ जीवन है। आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी, गणि पद्मविमलसागरजी और सहवर्ती श्रमणजन अजितनाथ जिनालय पहुंचे। वहां सामूहिक चैत्यवंदना की।

जैनाचार्य ने कहा कि जीवन ऐसा जीया जाना चाहिए, जो भार रूप, जटिल और उलझा हुआ न हो। परमात्मा के अनुग्रह और ज्ञानियों के परिचय से यह संभव है। हम चाहकर जीवन को निर्मल और निष्पाप बना सकते हैं। इसका अर्थ संसार का संपूर्ण परित्याग या संसार का विरोध नहीं है। पाप प्रवृत्तियों को कम करते हुए साफसुथरा जीवन जीना जागरण की अवस्था है। उसके सुख असीम हैं। पदयात्रा संयोजक कल्याण मित्र जैन महासंघ ने बताया कि संतगण मंगलवार को नंदी हिल्स पहुंचेंगे।



# महिलाओं ने मंदिर दर्शन व गौसेवा कर मनाया महिला दिवस

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । स्थानीय वर्धमान स्थानकवासी महिला मण्डल हनुमंतनगर कर सदस्याओं ने जीरावला पार्श्वनाथ मंदिर दर्शन कर व गौशाला में दान की महिला दिवस मनाया। अध्यक्ष मंजू बालिया व मंत्री संगीता धोका के नेतृत्व में %1 सदस्याएं मंदिर पहुँचीं जहां गौसेवा व अन्य मनोरंजक कार्यक्रम में शामिल होकर महिला दिवस मनाया। महिलाओं ने होसकोटे स्थित गौशाला में गायों को घास खिलाया व 21 हजार रुपए की राशि व केजीएफ गौशाला में 9 हजार रुपए की राशि सौंपी। इंदु बोहरा व मंजू बुरड़ ने धन्यवाद दिया।



# ‘मायुम बेंगलूरु’ ने कोलार के स्कूली बच्चों को बांटी स्कूल सामग्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय मारवाड़ी युवा मंच(मायुम) बेंगलूरु शाखा के सदस्यों ने 'शिक्षा सबके लिए' प्रकल्प के तहत दो शनिवार सत्र में बंगारपेट तालुक के 50 सरकारी स्कूलों के 1100 बच्चों और केजीएफ तालुक के करीब 50 सरकारी स्कूलों के 1100 बच्चों को स्कूल बैग व पाठ्य सामग्री का वितरण किया। इस आयोजन में बेंगलूरु शाखा के अध्यक्ष स्नेहकुमार जाजू, कर्नाटक प्रांतीय उपाध्यक्ष गोपालकुमार, शाखा के सलाहकार सदस्य पवन राजलीवाल, शाखा के सदस्य कन्हैया अग्रवाल, निकेश अग्रवाल, गौरव रुंगटा, उमाशंकर गुप्ता आदि ने स्कूली बच्चों को बैग वितरित किए। ज्ञातव्य है कि मायुम बेंगलूरु की ओर से गत चार वर्ष में राज्य के विभिन्न शहरों में 17 हजार स्कूली बच्चों को स्कूल बैग व पाठ्य सामग्री वितरित की जा चुकी है।



# उत्तराखंड महासंघ के ‘रंगीलो पहाड़’ होली कार्यक्रम में लोकगीतों की धूम

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। उत्तराखंड व आसपास के क्षेत्र के पहाड़ी प्रवासी लोगों के संगठन उत्तराखंड महासंघ' के तत्वावधान में रविवार को आईटीआई ग्राउंड पर होली महोत्सव रंगीलो पहाड़-2025' का आयोजन किया गया जिसमें प्रवासियों ने गुलाल से होली खेली। इस आयोजन में उत्तराखण्ड के लोकगायक इंद्र आर्य, रोहित चौहान, पूनम सती और शाश्वत पंडित ने स्थानीय उत्तराखंड के गीत गाए और पूरे माहौल को पहाड़ी बना दिया। होली महोत्सव में पहाड़ी लोकगीतों के संगीत पर लोगों ने जमकर होली खेली। महासंघ द्वारा सभी कलाकारों का सम्मान किया गया।



# ‘दादी परिवार’ ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। स्थानीय दादी परिवार की महिला सदस्याओं ने सती दादी का 13वां वार्षिकोत्सव बन्नरघट्टा स्थित प्राइड अपार्टमेंट में मनाया। वार्षिकोत्सव में गायिका वंदना तुलस्यान एवं सीमा शर्मा द्वारा संगीतमय मंगलपाठ का वाचन किया व भजनों की प्रस्तुति दी।

सभी सखियों ने दादी का विशेष श्रृंगार किया तथा दादी चरणों का अभिषेक किया। महिला दिवस के उपलक्ष्य में सदस्याओं ने एक ज़रूरतमंद महिला को राशन सहयोग दिया। कार्यक्रम में संतोष भाऊवाला द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन कर भाऊवाला का सम्मान किया गया।।

# निशुल्क रक्तदान शिविर में 79 यूनिट रक्त संग्रहित

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक मारवाड़ी यूथ फेडरेशन एवं संकल्प इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में त्यागराजनगर स्थित धीर हॉस्पिटलिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड




परिसर में सोमवार को आयोजित निशुल्क रक्तदान शिविर में 79 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर के प्रायोजक धीर समूह के संस्थापक धीरेन्द्र कुमार, प्रशान्त सिंघी, कपिल सिंघी ने उद्घाटन किया। इस रक्तदान शिविर में फेडरेशन के मंत्री रणजीत मेहता, सहमंत्री अमित मेहता एवं ब्लड बैंक योजना के संयोजक राहुल मेहता के साथ संकल्प की टीम उपस्थित थी। रक्तदान करने वाले सभी जनों को रक्तदान प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। फेडरेशन के उपाध्यक्ष प्रशान्त सिंघी ने बताया कि एकत्रित रक्त थैलिसिमिया से पीड़ित बच्चों के इलाज में उपयोग किया जाएगा ।

# महावीर जैन भवन का उद्घाटन 14 को

## महेंद्रकुमार हंसराज मुणोत परिवार ने कराया भवन निर्माण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर में मेडिकल व्यवसाय में अग्रणी व वरिष्ठ समाजसेवी महेन्द्रकुमार हंसराज मुणोत परिवार ने राजस्थान में पाली से 15 किलोमीटर दूरी पर मूल निवास लांबिया ग्राम में महावीर जैन भवन का निर्माण करवाया है, जिसका उद्घाटन समारोह एवं होली चातुर्मास धर्मसभा संतश्री गुलारामजी महाराज आश्रम प्रांगण में 14 मार्च को आयोजित है। श्रमण संघ प्रवर्तक संतश्री सुकनमुनिजी, उप प्रवर्तक संतश्री अमृतमुनिजी आदि के होली चातुर्मास के उपलक्ष्य में 11 मार्च को लांबिया ग्राम में मंगल प्रवेश होगा। 13 मार्च को आयोजित भक्ति संध्या में गायक कलाकार अखिलेश चंडालिया अलबेला ग्रुप भजनों की प्रस्तुति देंगे। भवन निर्माण एवं होली चातुर्मास के लाभार्थी मुणोत परिवार ने शुक्रवार को गौतमप्रसादी कार्यक्रम में लांबिया ग्राम पंचायत क्षेत्र के चारों गांवों को आमंत्रित किया है। लांबिया जैन संघ के अध्यक्ष चंदनमल मुणोत एवं कार्याध्यक्ष संपतराज मुणोत ने बताया कि गांव में उत्साह का माहौल है। दिसावर से जैन परिवार अपने पैतृक गांव लांबिया पहुंच रहे हैं एवं ग्रामवासी भी महोत्सव को सफल बनाने के लिए पुरजोर जुटे हैं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## महिला दिवस

जीतो हुब्बल्ली चैप्टर के अंर्तगत गदग लेडीज विंग ने महिला दिवस के उपलक्ष्य में कॉलेज सभागार में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी दुनिया के साथ सशक्तिकरण' विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक, प्रोफेसर डॉ. शैलजा मुडेनगुडी विषय के संबंध में बहुत ही प्रभावी व्याख्यान दिया और सीखने, नेटवर्किंग और महिला सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त किए। लेडीज विंग की अध्यक्ष स्वीटी भंसाली सहित अनेक महिलाओं ने व्यवस्था संभाली।



# इनरवियर एसोसिएशन ने कपड़ा मंत्री का जताया आभार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक इनरवियर एसोसिएशन (किया) के अध्यक्ष दिलीप जैन, उपाध्यक्ष अश्विन सेमलानी, सदस्य गौरव शर्मा, लोहित गांधी आदि ने सोमवार को कर्नाटक के कपड़ा मंत्री शिवानन्द एस. पाटिल से भेंट की। प्रतिनिधियों ने कर्नाटक बजट में कोलार जिले के नरसापुर में कार्यरत महिलाओं के लिए 173 करोड़ रुपए से कपड़ा और रेडीमेड परिधान क्षेत्र में अधिक निवेश आकर्षित करने और 6,000 लोगों की क्षमता वाले महिला छात्रावास का निर्माण, लगभग दो लाख नौकरियों का सृजन करने के लिए एक नई टेक्सटाइल नीति 2025-30 की घोषणा को व्यापारहित में सराहनीय कदम बताया। पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या व कपड़ा मंत्री शिवानन्द एस. पाटिल का आभार जताया। साथ ही मांग की कि नीति बनाते समय उद्योग व व्यापार संघों के प्रतिनिधियों को भी इसमें शामिल किया जाए।



# संगीनी महिला मंडल ने गौशाला में शेड का उद्घाटन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के संगीनी जैन महिला मंडल राजाजीनगर की सदस्याओं ने कनकपुरा रोड स्थित ऋषभ कामधेनु गौशाला में गायों के लिए एक शेड का निर्माण करवाकर उसका विधिवत लोकार्पण किया।इस शेड निर्माण में गणेश गांधी मेडिकल्स, कंचनबाई कांकरिया, महावीरचन्द डोसी, उत्तमचन्द डोसी एवं पारसमल चोपड़ा एवं मंडल के सभी सदस्याओं ने सहयोग प्रदान किया। मंडल की अध्यक्ष यशोदाबाई देसरला एवं गौशाला के संस्थापक हुक्मीचन्द जैन ने शेड का विधिवत उदघाटन किया। इसी अवसर पर मंडल की 70 सदस्याओं की उपस्थिति में चींटियों के लिए कीड़ी नगरा का भी उदघाटन किया।

# कनाडा-भारत संबंधों के फिर से सहज होने की उम्मीद : कार्नी

ओटावा/भाषा। कनाडा के अगले प्रधानमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय बैंकर मार्क कार्नी ने हाल ही में कहा कि अगर वह कार्यभार संभालते हैं तो भारत के साथ अपने देश के संबंधों को फिर से सहज बनाएंगे। कार्नी ने कहा, ''कनाडा समान विचारधारा वाले देशों के साथ अपने व्यापारिक संबंधों में विविधता लाना चाहता है।'' उन्होंने कहा, ''और भारत के साथ संबंधों को फिर से सहज बनाने के अवसर हैं। वाणिज्यिक संबंध में मूल्यों की साझा भावना होनी चाहिए। अगर मैं प्रधानमंत्री होता, तो मैं इसे बनाने के अवसर की प्रतीक्षा करता।'' कनाडा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार युद्ध और विलय की धमकी का मुंह तोड़ जवाब दे रहा है। भारत-कनाडा संबंधों में तनाव तब देखने को मिला जब ट्रूडो ने सितंबर 2023 में 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में कहा कि भारतीय एजेंटों और ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में खालिस्तान समर्थक अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बीच संभावित संबंध के ''विश्वसनीय आरोप'' हैं।




# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित




4 गाय की महिमा को समझते हुए प्रतिदिन करें गौसेवा : भजनलाल

6 समाज को पुरुषों की पीड़ा भी समझनी होगी

7 यशराज फिल्म्स की फिल्म में काम करेंगी श्रिया पिलगांवकर

## फर्स्ट टेक

### रूस ने दो ब्रिटिश राजनयिकों को निष्कासित किया

**मॉस्को/एपी।** रूस ने सोमवार को कहा कि वह मॉस्को स्थित ब्रिटेन के दूतावास में कार्यरत दो ब्रिटिश राजनयिकों को जासूसी के आरोपों के चलते देश से निष्कासित कर रहा है। हालांकि ब्रिटेन ने इस आरोप को ''दुर्भावनापूर्ण और निराधार'' करार दिया है। सरकारी समाचार एजेंसी 'आरआईए नोवोस्ती' ने रूस की संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) के हवाले से एक बयान में कहा कि दोनों राजनयिकों ने देश में प्रवेश की अनुमति मांगते समय गलत व्यक्तिगत जानकारी प्रदान की थी और कथित तौर पर खुफिया गतिविधियों में शामिल थे, जिससे रूस की सुरक्षा को खतरा उत्पन हुआ। उसने कोई सबूत पेश नहीं किया। 'आरआईए नोवोस्ती' की खबर के अनुसार, राजनयिकों की मान्यता रद्द करने का निर्णय लिया गया है और उन्हें दो सप्ताह के भीतर रूस छोड़ने का आदेश दिया गया है। रूसी विदेश मंत्रालय ने एक अलग बयान में कहा कि उसने ब्रिटिश दूतावास के एक अधिकारी को तलब किया है।

### यूक्रेन के लिए सुरक्षा बल पर पेरिस योजना वार्ता में 30 से अधिक देश हिस्सा लेंगे

**पेरिस/एपी।** यूक्रेन के लिए अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा बल के निर्माण पर पेरिस वार्ता में 30 से अधिक देशों के सैन्य अधिकारी हिस्सा लेंगे। फ्रांसीसी सेना के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय बल का उद्देश्य यूक्रेन में युद्ध विराम लागू होने के बाद रूस को दूसरा आक्रमण शुरू करने से रोकना होगा। उन्होंने बताया कि मंगलवार की चर्चा में भाग लेने वालों की लंबी सूची में एशियाई और ओशिनियाई देश भी शामिल होंगे, जो डिजिटल माध्यम से इसमें जुड़ेंगे। फ्रांसीसी सैन्य अधिकारी ने पहचान गुप्त रखते हुए एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि उस बल की रूपरेखा गोपनीय है और पेरिस वार्ता में इस पर विचार किया जाएगा।

### 'एक्स' पर सेवाएं कुछ देर के लिए हुई बाधित

**नई दिल्ली/भाषा।** उद्योगपति एलन मस्क के स्वामित्व वाली 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) की सेवाएं सोमवार को बाधित हुई। दुनिया भर के हजारों उपयोगकर्ताओं ने एक्स में आ रही समस्याओं की सूचना दी है। वास्तविक समय पर समस्याओं और सेवाएं बाधित होने पर नजर रखने वाली डाउनडिटेक्टर के अनुसार, दोपहर साढ़े तीन बजे समस्याएं चरम पर थीं। इसमें भारतीय उपयोगकर्ताओं की ओर से लगभग 2,200 रिपोर्टें आईं और शाम साढ़े सात बजे फिर से समस्या बढ़ गयी।

| | |
|---|---|
| 11-03-2025 सूर्यास्त 6:29 बजे | 12-03-2025 सूर्योदय 6:29 बजे |
| BSE 74,115.17 (-217.41) | NSE 22,460.30 (-92.20) |
| सोना 8,997 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 98,863 रु. प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### घायल लोकतंत्र

कानून सभी की मुट्ठी में,
हम आज हुए इतने स्वतंत्र।
हैं जाति भेद आरक्षण हित,
विस्मृत समता के मूल मंत्र।
कैसे चल पाएगी मशीन,
जब जंग लगे हों सभी यंत्र।
मजबूत हो गया व्यक्तिवाद,
घायल दिखता है लोकतंत्र।।

# पूरी मानवता को एकजुट करता है आध्यात्म : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## हमेशा आध्यात्मिक चेतना को जागृत रखने वाले लोगों को आंतरिक शांति का अनुभव होता है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**हिसार/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को यहां कहा कि जो व्यक्ति हमेशा आध्यात्मिक चेतना को जागृत रखता है, उसे आंतरिक शांति का अनुभव होता है। वह ब्रह्माकुमारीज के स्वर्ण जयंती के मौके पर राज्य स्तरीय अभियान की शुरूआत करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रही थीं।

राष्ट्रपति ने कहा कि आध्यात्म मानव निर्मित सीमाओं से ऊपर उठकर पूरी मानवता को एकजुट करता है। उन्होंने कहा, ''सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक या आध्यात्म पर आधारित किसी भी अन्य प्रकार की व्यवस्था नैतिक और टिकाऊ होती है। जो व्यक्ति हमेशा आध्यात्मिक चेतना को जागृत रखता है, उसका मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है तथा वह आंतरिक शांति का अनुभव करता है।''

उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक शांति का अनुभव करने वाला व्यक्ति दूसरों के जीवन को भी सकारात्मक ऊर्जा से समृद्ध करता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आध्यात्मिक शांति की वास्तविक उपयोगिता अकेले रहने में नहीं है।

मुर्मू ने कहा कि इसका इस्तेमाल स्वस्थ, मजबूत और समृद्ध समाज और राष्ट्र के निर्माण में किया जाना चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संगठन आध्यात्मिक ऊर्जा का इस्तेमाल राष्ट्र और समाज के लाभ के लिए कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह संगठन नशाखोरी के खिलाफ अभियान, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण जैसे कई सामाजिक और राष्ट्रीय पहलों में योगदान दे रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ब्रह्माकुमारी परिवार आध्यात्मिकता के बल पर लोगों के समग्र स्वास्थ्य और देश के समग्र विकास में योगदान देता रहेगा।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लेकर जारी विवाद के बीच तमिलनाडु सरकार पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने साधा निशाना

# जिनके पास ठोस तथ्य नहीं वे दूसरों को गुमराह करने के लिए हंगामा कर रहे हैं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन को लेकर जारी विवाद के बीच, तमिलनाडु सरकार पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि जिनके पास ठोस तथ्य नहीं हैं वे केवल दूसरों को गुमराह करने के लिए हंगामा खड़ा करने की कोशिश करते हैं।

संसद परिसर में संवाददाताओं से बात करते हुए प्रधान ने कहा कि द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) नीत तमिलनाडु सरकार को छात्रों के हित के लिए राजनीति से ऊपर उठना चाहिए। उन्होंने कहा, ''जिनके पास ठोस तथ्य नहीं हैं, वे केवल हंगामा करना चाहते हैं। वे हंगामा कर रहे हैं और दूसरों को गुमराह कर रहे हैं। आज 10 मार्च है और इस वित्तीय वर्ष के पूरा होने में कुछ ही दिन बचे हैं। (केंद्र) सरकार को तमिलनाडु को पीएम-श्री (पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) का आवंटन करने में कोई समस्या नहीं है, लेकिन उनकी इसमें कोई दिलचस्पी नहीं है।''

प्रधान ने कहा, ''जो भी पीएम-श्री कार्यक्रम में शामिल नहीं होना चाहते, मैं उनसे अपील करता हूं। पीएम श्री छात्रों के लाभ के लिए एक योजना है और तमिलनाडु में पठन-पाठन का माध्यम तमिल ही रहेगा। वे किस बात का विरोध कर रहे हैं, मुझे समझ में नहीं आ रहा?''

सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही लगभग 30 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी क्योंकि द्रमुक सदस्यों ने प्रधान की इस टिप्पणी पर विरोध जताया कि तमिलनाडु में पीएम श्री योजना को लागू नहीं कर छात्रों के साथ अन्याय किया जा रहा है।

पीएम श्री योजना पर एक प्रश्न का उत्तर देते हुए प्रधान ने कहा कि तमिलनाडु सरकार ने केंद्र प्रायोजित इस योजना के कार्यान्वयन पर अपना रुख बदल दिया है, जिसमें केंद्र, राज्य या स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित स्कूलों को मजबूत बनाने की परिकल्पना की गई है।

संबंधित राज्य को केंद्र सरकार के साथ इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना होगा कि वह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को लागू करेगा और इसके बदले में केंद्र सरकार निधि आवंटित करेगी।

# मॉरीशस यात्रा आपसी प्रगति व समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी मॉरीशस की यात्रा को आपसी प्रगति और समृद्धि के साथ-साथ हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा एवं विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया है।

मोदी ने मॉरीशस की यात्रा पर रवाना होने से पहले अपने वक्तव्य में कहा,मेरे मित्र प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम के निमंत्रण पर, मैं मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लेने के लिए मॉरीशस की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर जा रहा हूँ।

उन्होंने कहा,मॉरीशस एक करीबी समुद्री पड़ोसी, हिंद महासागर में एक प्रमुख साझीदार और अफ्रीकी महाद्वीप का प्रवेश द्वार है। हम इतिहास, भूगोल और संस्कृति से जुड़े हुए हैं। प्रगाढ आपसी विश्वास, लोकतंत्र के मूल्यों में साझा भरोसा और हमारी विविधता का उत्सव मनाना हमारी शक्ति हैं। लोगों के बीच घनिष्ठ और ऐतिहासिक जुड़ाव साझा गौरव का स्रोत है। हमने पिछले दस वर्षों में लोगों को ध्यान में रखकर पहल करते हुए महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने कहा, मैं अपने सागर विजन के हिस्से के रूप में, अपने लोगों की प्रगति और समृद्धि के साथ-साथ हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा एवं विकास के लिए अपनी स्थायी मित्रता को मजबूत करने तथा अपने सभी पहलुओं में अपनी साझीदारी को बढ़ाने के लिए मॉरीशस नेतृत्व के साथ जुड़ने के अवसर की प्रतीक्षा में हूँ।

## महाकुंभ में भगदड़ की जांच के लिए गठित आयोग ने की बैठक

**प्रयागराज (उप्र)/भाषा।** महाकुंभ में मौनी अमावस्या (29 जनवरी) को संगम क्षेत्र के पास हुई भगदड़ की घटना की जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग ने सोमवार को यहां 'सर्किट हाउस' में बैठक की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि तीन सदस्यीय जांच आयोग ने महाकुंभ से जुड़े अधिकारियों के बयान दर्ज किए और दस्तावेजों को देखा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महाकुंभ में भगदड़ की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने 31 जनवरी को घटनास्थल का निरीक्षण किया था और अधिकारियों से जानकारी ली थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हर्ष कुमार की अध्यक्षता वाले इस आयोग में पूर्व पुलिस महानिदेशक वी के गुप्ता और सेवानिवृत्त आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) अधिकारी डी के सिंह शामिल हैं।

# 'प्रधान अंहकारी', अपनी जुबान संभालें : स्टालिन



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सोमवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर कड़ा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि वह खुद को राजा समझकर 'अहंकार' में बात करते हैं। उन्होंने प्रधान से अपनी जुबान पर नियंत्रण रखने को भी कहा। स्टालिन ने स्पष्ट रूप से कहा कि तमिलनाडु सरकार केंद्र की 'पीएम श्री' योजना को लागू करने के लिए आगे नहीं आई है और जब ऐसा है तो कोई भी उन्हें इसके लिए राजी नहीं कर सकता।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच पर जारी एक पोस्ट में कहा, बस यह बताइए कि क्या आप वह कोष जारी कर सकते हैं या नहीं, जो हमसे एकत्र किया गया था और जो तमिलनाडु के विद्यार्थियों के लिए है। प्रधान ने स्टालिन को पत्र लिखकर तमिलनाडु द्वारा नई शिक्षा नीति, तीन भाषा नीति और प्रधानमंत्री श्री को लेकर हुए समझौता ज्ञापन को अस्वीकार करने की बात रेखांकित की थी। इसका संदर्भ देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार लोगों के विचारों का सम्मान करते हुए काम करती है, जबकि भाजपा नेता नागपुर से आए ''आदेश'' से बंधे रहते हैं।

उन्होंने द्रमुक सांसदों को निशाना बनाने के लिए प्रधान की आलोचना की और कहा कि केंद्रीय मंत्री ने धनराशि जारी न करके तमिलनाडु को धोखा दिया है। स्टालिन ने सवाल किया, आप तमिलनाडु के लोगों का अपमान कर रहे हैं। क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसे स्वीकार करते हैं? इससे पहले, दिन में, द्रमुक सदस्यों द्वारा प्रधान की इस टिप्पणी पर विरोध जताए जाने के बाद लोकसभा की कार्यवाही लगभग 30 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई थी। प्रधान ने तमिलनाडु सरकार पीएम स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम एसएचआरआई) योजना के कार्यान्वयन के मुद्दे पर ''बेईमान'' होने का आरोप लगाया था।

# आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के जश्न के दौरान महू में हिंसा

## गुजरात के गांधीनगर जिले में भी हुई हिंसा की घटना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**महू/गांधीनगर/भाषा।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत के जश्न के दौरान मध्यप्रदेश के महू शहर और गुजरात के गांधीनगर जिले में हिंसा की घटना के परिणामस्वरूप दोनों राज्यों में अशांति पैदा हो गई और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया।

इंदौर जिले के महू में रविवार रात को जश्न मना रही रैली पर पथराव की घटनाओं के बाद पुलिस ने 13 लोगों को गिरफ्तार किया। पथराव के कारण चार लोग घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने कानून-व्यवस्था बहाल करने के लिए तुरंत कार्रवाई की।

इस बीच, गांधीनगर में न्यूजीलैंड पर भारतीय टीम की जीत का देर रात जश्न मना रही मोटरसाइकिल रैली के दौरान हिंसा भड़क जाने के मामले में पुलिस ने 11 लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तुरंत कार्रवाई करते हुए कई गिरफ्तारियां कीं।

इंदौर के जिलाधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि महू शहर में विभिन्न स्थानों पर हिंसा की पांच अलग-अलग घटनाओं में चार लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि हिंसा के दौरान कई वाहनों को निशाना बनाया गया, जिसमें कथित तौर पर तीन कारों और कई दोपहिया वाहनों पर हमला किया गया और उन्हें आग के हवाले कर दिया गया। सिंह ने बताया कि स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है।

उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि अधिकारी मामले को गंभीरता से ले रहे हैं। उन्होंने कहा, अब तक 13 लोगों को आगजनी और हिंसा के आरोप में गिरफ्तार किया गया है और एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। हम इसमें शामिल कुछ लोगों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के कड़े प्रावधान भी लगाएंगे। उन्होंने कहा कि बढ़ती अशांति के जवाब में, पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और शांति बहाल करने के लिए काम किया।

# रेलवे संशोधन विधेयक को संसद की मंजूरी

## पांच वर्ष में सभी ट्रेनों में कवच लगाने का संकल्प

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे में यात्री सुरक्षा के बारे में सरकार की पूर्ण प्रतिबद्धता को दोहराते हुए सोमवार को राज्यसभा में कहा कि नई विकसित टक्कर रोधी प्रणाली कवच अगले पांच वर्षों में पूरे नेटवर्क पर लगा दी जायेगी।

वैष्णव ने सदन में रेल संशोधन (विधेयक) 2024 पर करीब तीन घंटे से अधिक चली चर्चा का जवाब देते हुए महाकुंभ के दौरान नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के दौरान सीसी टीवी कैमरे बंद किये जाने के विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कोई कैमरा बंद नहीं किया गया था।

रेल मंत्री के जवाब के बाद सदन ने विपक्ष के संशोधन प्रस्तावों को खारिज करते हुए विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया जिससे इस पर संसद की मुहर लग गयी। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है।

वैष्णव ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की घटना दुखद थी और इससे हमने सबक लेकर प्लेटफार्मों पर भीड़ नियंत्रण की एक नई व्यवस्था का परीक्षण शुरू किया है। भीड से निपटने के लिए प्लेटफार्मों पर विशेष होल्डिंग एरिया बनाये जायेंगे। दिल्ली के आनंद विहार सहित चार स्टेशनों पर इसका परीक्षण चल रहा है।

# नेपाल में राजशाही समर्थक रैली में योगी आदित्यनाथ की तस्वीर प्रदर्शित करने से विवाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**काठमांडू/भाषा।** नेपाल के काठमांडू में पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह के स्वागत में आयोजित राजशाही समर्थक रैली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीरें दिखाए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया।

देश के विभिन्न हिस्सों में धार्मिक स्थलों का दौरा करने के बाद 77 वर्षीय ज्ञानेंद्र रविवार को जैसे ही पोखरा से 'सिमरिक एयर हेलीकॉप्टर' में सवार होकर त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे, राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) के नेताओं और कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों समर्थकों ने उनके पक्ष में नारे लगाने शुरू कर दिए।

रैली का उद्देश्य नेपाल में राजशाही की बहाली के लिए समर्थन प्रदर्शित करना था। हवाई अड्डे के बाहर सड़क के दोनों ओर ज्ञानेंद्र की तस्वीर और राष्ट्रीय ध्वज लिए मोटरसाइकिलों पर सवार सैकड़ों समर्थकों ने उनका स्वागत किया। कुछ समर्थकों ने ज्ञानेंद्र की तस्वीर के साथ आदित्यनाथ की तस्वीर भी दिखाई।

हालांकि, ज्ञानेंद्र की तस्वीर के साथ भाजपा नेता योगी आदित्यनाथ की तस्वीर शामिल किए जाने की विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ-साथ सोशल मीडिया पर आम जनता ने भी कड़ी आलोचना की। इस आलोचना के बाद आरपीपी प्रवक्ता ज्ञानेंद्र शाही ने आरोप लगाया कि आदित्यनाथ की तस्वीर का प्रदर्शन केपी ओली के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा राजशाही समर्थक आंदोलन को बदनाम करने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास है।

उन्होंने ओली सरकार पर घुसपैठ के जरिए इस कदम को अंजाम देने का आरोप लगाया। शाही ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दावा किया, ''प्रधानमंत्री केपी ओली के मुख्य सलाहकार बिष्णु रिमल के निर्देश पर ओली की सलाह पर रैली में योगी आदित्यनाथ की तस्वीर प्रदर्शित की गई।''



# दुर्ग जिले में ईडी की गाड़ियों पर पथराव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दुर्ग/भाषा।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के वाहनों पर प्रदर्शनकारियों ने पथराव कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

यह घटना तब हुई जब ईडी के अधिकारी कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आवास पर छापेमारी करने के बाद लौट रहे थे। पथराव की घटना शाम के समय हुई। कांग्रेस कार्यकर्ता कथित शराब घोटाला मामले में भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य के खिलाफ दर्ज धन शोधन के मामले की जांच के तहत ईडी की छापेमारी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे।

दुर्ग के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने बताया,हमें ईडी के अधिकारियों से मौखिक शिकायत मिली कि प्रदर्शनकारियों ने उनके वाहनों को रोकने की कोशिश की और पत्थर फेंके, जिससे एक वाहन की खिड़की का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया।

# 400 करोड़ रुपए के 'अवैध' विदेशी धन प्रेषण मामले में ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने सोने, हीरे और कीमती रत्नों के फर्जी आयात के बदले करीब 400 करोड़ रुपये के कथित अवैध विदेशी धन प्रेषण से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में राजस्थान, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में छापेमारी की है। ये छापे सात मार्च को मारे गए। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन का मामला जयपुर स्थित एक निर्दिष्ट अदालत के समक्ष सीमा शुल्क विभाग द्वारा दायर आरोपपत्र से उत्पन्न हुआ है। इसमें कहा गया है कि धन शोधन रोधी अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत राजस्थान के जयपुर, अजमेर और उदयपुर के अलावा नोएडा (उत्तर प्रदेश) और मुंबई (महाराष्ट्र) में सोलह स्थानों पर छामेमारी की गई।






# गाय की महिमा को समझते हुए प्रतिदिन करें गौसेवा : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के साथ ही गौमाता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है और हाल में पेश किए गए राज्य बजट में गौमाता और पशुपालकों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर गौशालाओं की अनुदान राशि बढ़ाने पर आयोजित आभार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में संचालित गौशालाओं तथा नंदीशालाओं के लिए प्रति पशु अनुदान राशि को इस वर्ष 15 प्रतिशत बढ़ाकर 50 रूपये प्रतिदिन करने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले साल गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना प्रारंभ की थी, जिसमें गौवंश हेतु शेड, खेली निर्माण तथा दुग्ध, चारा, बांटा संबंधी उपकरण खरीदने के लिए एक लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। अब हम आगामी वित्त वर्ष में भी ढाई लाख गोपालक परिवारों को इस योजना का लाभ मुहैया कराएंगे। शर्मा ने कहा कि गोपालकों को और अधिक राहत देते हुए गोपाल क्रेडिट कार्ड के लिए जरूरी सभी दस्तावेजों पर स्टांप ड्यूटी माफ करने और योजना के प्रावधानों को सरल बनाने का भी बजट में प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास भी हो रहा है और देश की विरासत भी समृद्ध होती जा रही है। वे देश-दुनिया के करोड़ों लोगों के महानायक हैं, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, दृढ़ निश्चय, योजनाबद्ध कार्य और दूरदृष्टि से देश और दुनिया को एक नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान का प्रवासी देश-दुनिया में अपनी मिट्टी से जुड़ा हुआ है तथा प्रवासियों ने हर जगह गौशालाएं बनायी है जिससे गौसेवा के पुण्य कार्यों को बढ़ावा दिया जा सके।

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन गौ-संरक्षण के लिए दूरदर्शी सोच के साथ काम कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए शुरू की गई 'मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना' के दायरे को बढ़ाते हुए आगामी वित्त वर्ष में प्रत्येक श्रेणी में बीमित पशुओं की संख्या दोगुनी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पशुधन निःशुल्क आरोग्य योजना के तहत औषधियों एवं टीकों की संख्या में वृद्धि, मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत दुग्ध संग्रहण के लक्ष्य को बढ़ाना, सर्दियों में गौशालाओं को आवश्यकता अनुसार अनुदान के स्थान पर बाजरा का विकल्प, एक हजार नवीन सहकारी समितियों अथवा संग्रह केंद्रों की स्थापना, 100 पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं एक हजार पशुधन निरीक्षकों की भर्ती सहित विभिन्न कार्य गौसेवा के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति में गाय की महिमा अपरंपार है। हमारे शास्त्रों में गंगा, गोमती, गीता और गोविंद की भांति गाय भी अत्यंत पवित्र मानी गई है और गौ-माता की सेवा से सभी देवी-देवताओं के पूजन का फल मिल जाता है। उन्होंने कहा कि संत-महन्त हमारी संस्कृति के वाहक है तथा हजारों वर्षों से हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने में इनका बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि समाज का दायित्व है कि गौमाता के सम्मान और संरक्षण के लिए अपनी भूमिका निभाएं तथा एक जन-जागरण अभियान चलाकर आमजन को प्रतिदिन गायों की सेवा करने के लिए प्रेरित करें।

इस दौरान आए संतों ने मुख्यमंत्री द्वारा गौ-संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यो के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री ने गौसेवा का एक नया अध्याय शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री द्वारा पिछले दोनों बजटों में गौसेवा के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने गौ-पूजा की तथा पाण्डाल में आए संत-महन्तों से आशीर्वाद लिया। संतों ने मुख्यमंत्री को दुपट्टा ओढ़ाकर बजट में गौसेवा के लिए की गई घोषणाओं पर आभार जताया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उल्लासपूर्वक फाल्गुन के महीने में सभी के साथ फूलों की होली खेली, चंग बजाकर होली के गीत गाएं तथा सभी को होली की बधाइयां दी।

# होली पर बादल छाए रहने का अनुमान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में एक नये पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य में होली के आसपास बादल छाए रहने और कहीं-कहीं हल्की बारिश होने का अनुमान है। मौसम केंद्र जयपुर ने सोमवार को यह जानकारी दी। मौसम केंद्र के मुताबिक, राजस्थान में 13 से 15 मार्च तक एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आंशिक रूप से बादल छाए रहने और उत्तर-पश्चिम व उत्तरी हिस्से में कहीं-कहीं हल्की बारिश/बूंदाबांदी होने की संभावना है। इस साल होली 13 मार्च और धुलंडी 14 मार्च को है। मौसम केंद्र के अनुसार, 14 मार्च को बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में दोपहर बाद बादल गरजने के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। मौसम केंद्र ने बताया कि राज्य में इस समय अधिकतम तापमान सामान्य से दो से पांच डिग्री सेल्सियस ऊपर बना हुआ है और अगले 48 घंटे में न्यूनतम व अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। उसने बताया कि 10-11 मार्च को बाड़मेर और आसपास के क्षेत्र में अधिकतम तापमान 40 से 41 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से पांच से छह डिग्री सेल्सियस ऊपर) दर्ज किए जाने तथा कहीं-कहीं लू चलने की संभावना है।



# राजस्थान की 3,500 ग्राम पंचायतों में 'ओपन जिम' स्थापित किए जाएंगे : राठौड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की पांच हजार से अधिक आबादी वाली 3,500 ग्राम पंचायतों में 'ओपन जिम' स्थापित किए जाएंगे। खेल एवं युवा मामलों के मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने सोमवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करने के वास्ते प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि राज्य में खेलों से जुड़ा बुनियादी ढांचा विकसित करने के लिए वर्ष 2025-26 के बजट में प्रावधान किए गए हैं और पांच हजार से अधिक आबादी वाली 3,500 ग्राम पंचायतों में 'ओपन जिम' स्थापित किए जाएंगे। राठौड़ प्रश्नकाल में इस संबंध में सदस्य द्वारा पूछे गए पूरक प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल एवं युवा मामलों के विभाग व राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा स्टेडियम निर्माण के वास्ते विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने समन्वित स्टेडियम (आधारभूत खेल संरचनाएं) विकास कार्यक्रम-2015 के मापदंड निर्धारित किए हैं। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद स्टेडियम योजना के तहत चरणबद्ध रूप से राज्य के प्रत्येक ब्लॉक में खेल स्टेडियम के विकास कार्य करवाए जाने के लिए विधायक-सांसद निधि, जनप्रतिनिधि, जनसहयोग, सीएसआर, स्थानीय निकाय आदि द्वारा उपलब्ध करवाई गई राशि के बराबर या अधिकतम एक करोड़ रुपये की राशि 'मैचिंग ग्रांट' के रूप मे दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

# रबी सीजन में उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली मिल रही : मंत्री हीरालाल नागर



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि राज्य में खेती के रबी सीजन में उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली दी जा रही है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि बिजली की अनुपलब्धता की वजह से कहीं भी कटौती नहीं की जाएगी। नागर प्रश्नकाल के दौरान विधायक शांति धारीवाल की ओर से इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों पर जवाब दे रहे थे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि बिजली की दैनिक मांग और राज्य को समस्त स्रोतों से उपलब्ध बिजली के बाद जो कमी रहती है, उसकी पूर्ति 'पावर एक्सचेंज' तथा लघु अवधि निविदा के माध्यम से बिजली खरीदकर की जाती है। नागर ने सदन को बताया कि लघु अवधि निविदा के माध्यम से पिछले वर्ष नवंबर और दिसंबर के साथ ही इस साल जनवरी, फरवरी तथा मार्च में 'ब्लॉक ऑवर' के आधार पर बिजली खरीदी गई।

मंत्री ने कहा कि राजस्थान की थर्मल इकाइयों से होने वाले उत्पादन, निजी उत्पादकों से मिलने वाली बिजली तथा बिजली खरीद समझौतों से होने वाली खरीद सहित समस्त स्रोतों को मिलाकर राज्य का विद्युत उत्पादन 10,000 मेगावाट से कहीं अधिक है, जबकि 'पीक ऑवर' मांग 19,165 मेगावाट रही है। इससे पहले मूल प्रश्न के जवाब में नागर ने बताया कि राज्य में वित्त वर्ष 2024-25 में 28 फरवरी 2025 तक बिजली कंपनियों (डिस्कॉम) की औसत मांग 14,331 मेगावाट और अधिकतम मांग 19,165 मेगावाट रही है।

उन्होंने बताया कि मांग और आपूर्ति में अंतर रहने पर शेष मांग की पूर्ति 'पावर एक्सचेंज' व लघु अवधि निविदा से बिजली खरीदकर की जाती है।

# बूंदी के ढाबे में कर्मचारियों ने युवक की पीट-पीटकर हत्या की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। बूंदी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-52 के किनारे स्थित एक ढाबे में कर्मचारियों ने 23 वर्षीय युवक की कथित रूप से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान कोटा जिले के प्रेम नगर इलाके के निवासी नितिन खटीक के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को अभी पकड़ा नहीं जा सका है। बूंदी सदर थाने के निरीक्षक रमेश चंद आर्य के अनुसार, एक निजी फाइनेंस कंपनी में काम करने वाला युवक और उसके तीन दोस्त रविवार देर रात बूंदी के रामगंज बालाजी गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग-52 के किनारे स्थित ढाबे में गए थे।

आर्य ने बताया कि खाने के बिल को लेकर विवाद हो गया और ढाबे में मौजूद सात-आठ कर्मचारियों ने नितिन पर कथित रूप से लाठी और लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को कोटा के महाराव भीम सिंह (एमबीएस) अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना के संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# राइजिंग राजस्थान के दौरान माइंस व पेट्रोलियम के एमओयू धरातल पर लाने की कवायद तेज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। माइंस विभाग ने राइजिंग राजस्थान के दौरान माइंस व पेट्रोलियम के हस्ताक्षरित करारों को धरातल पर लाने की कवायद तेज कर दी है। प्रमुख सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने माइंस से संबंधित 100 करोड़ रु. से अधिक के एमओयू के स्टेक होल्डर्स से वर्चुअली संवाद कायम किया। उन्होंने करीब 42 स्टेक होल्डर्स से वन टू वन चर्चा करते हुए एमओयू करारों को धरातल पर लाने की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्टेक होल्डर्स से चर्चा के दौरान एमओयू करारों को तय समय सीमा में पूरा कराने की कार्ययोजना की जानकारी ली और स्टेक होल्डर्स की स्थानीय स्तर से लेकर राज्य स्तर तक आ रही कठिनाइयों के निवारण में संबंधित विभागों से समन्वय व सहयोग का विश्वास दिलाया।



टी. रविकान्त ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के दौरान माइनिंग सेक्टर के किए गए एमओयू में 100 करोड़ रुपए से अधिक के 42 एमओयू है। इनमें एक हजार करोड़ रुपए से अधिक के 20 एमओयू है वही 100 करोड़ रु. से एक हजार करोड़ रु. तक के 22 एमओयू है। स्टेक होल्डर्स से समन्वय बनाये रखने के लिए वाटसएप ग्रुप बनाकर अधिकारियों द्वारा निरंतर संपर्क व मार्गदर्शन दिया जा रहा हैं। स्थानीय स्तर पर आ रही समस्याओं का यथासंभव निराकरण कराते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। ब्यूरो ऑफ इंडस्ट्रीयल प्रमोशन के रेणुराज ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा निवेशकों से समन्वय व सहयोग के लिए इंडस्ट्रीयल इंटरफेस बनाया है। इसके माध्यम से निवेशक आवश्यक जानकारी व प्रगति से रुबरु हो सकते हैं। इस माह के अंत तक एमओयू धारकों के लिए एक एप भी उपलब्ध हो सकेगा।

नोडल अधिकारी अतिरिक्त निदेशक माइंस महावीर प्रसाद मीणा और सह प्रभारी अधीक्षण भूवैज्ञानिक जयपुर संजय सक्सेना ने राइजिंग राजस्थान के दौरान हुए निवेश करारों की जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा नियमित मॉनिटरिंग और फील्ड अधिकारियों से समन्वय बनाया जा रहा है। बैठक में ओएसडी श्रीकृष्ण शर्मा, अधीक्षण भूवैज्ञानिक सचिवालय सुनील वर्मा, उपनिदेशक पेट्रोलियम रोहित मल्लाह, स्टेक होल्डर्स व फील्ड अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# मंत्रिमंडलीय उपसमिति लेगी महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के संचालन का निर्णय : दिलावर



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के संचालन के सम्बन्ध में उचित कार्यवाही कर विद्यार्थियों के हित में निर्णय किया जाएगा। दिलावर प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा मंत्रिमंडलीय उपसमिति का गठन किया गया है। समिति द्वारा इस विषय पर समीक्षा कर रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि गत सरकार द्वारा केवल नाम के लिए महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोल दिए गए। इन विद्यालयों में न तो शिक्षकों के पद सृजित किये गए और न ही भवनों की समुचित व्यवस्था की गई। जिसके परिणामस्वरूप अंग्रेजी माध्यम में पढ़ने की इच्छा नहीं रखने वाले कई विद्यार्थी विद्यालय छोड़ने पर मजबूर हो गए। इसके साथ ही कई छात्राएं जो सह शिक्षा के माहौल में सहज नहीं थी, उनके द्वारा भी विद्यालय छोड़ने से नामांकन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

उन्होंने कहा कि गत सरकार के कार्यकाल में विद्यालयों में रिक्त पद न भरे जाने से प्रदेश में शिक्षा की दिशा एवं दशा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। वर्तमान राज्य सरकार द्वारा शिक्षकों के 5 हजार 114 पदों की डीपीसी कर ली गई है एवं शीघ्र ही इन्हें प्रदेश भर में समान अनुपात में नियुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस प्रक्रिया के तहत विधानसभा क्षेत्र फलौदी में भी रिक्त पदों को भर दिया जाएगा।

इससे पहले विधायक पब्बाराम विश्नोई के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में शिक्षा मंत्री ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र फलौदी में संचालित राजकीय विद्यालयों में संवर्गवार स्वीकृत एवं रिक्त पदों का संख्यात्मक विवरण (माध्यमिक शिक्षा एवं प्रारंभिक शिक्षा) उन्होंने सदन के पटल पर रखा। उन्होंने बताया कि विभागीय पदोन्नति समिति, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर एवं राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर से चयनित आशार्थी उपलब्ध होने से रिक्त पदों को प्राथमिकता से भरा जा सकेगा।

# राजस्थान विधानसभा में मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने किया सदन का बहिर्गमन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की सोलहवीं विधानसभा के तृतीय एवं बजट सत्र में सोमवार को विपक्ष कांग्रेस विधायकों ने मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में देरी एवं इस संबंध में मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन का बहिर्गमन किया। प्रश्नकाल में कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत इस संबंध में पूछे गये प्रश्न के पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे कि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित कांग्रेस सदस्य उनके जवाब से संतुष्ट नहीं हुए और सदन से बहिर्गमन कर गए। इससे पहले जूली ने कहा कि सरकार को आये डेढ़ साल हो गए लेकिन अब तक सिर्फ समीक्षा ही कर रहे हैं और जवाब देने के बजाय केवल भाषण दिए जा रहे हैं। इस दोनों पक्षों की ओर से बोलने पर सदन में शोर शराबा और हंगामा हुआ। विधायक रफीक खान ने अनुप्रति योजना में देरी का मुद्दा उठाने पर गहलोत ने इसका जवाब दिया लेकिन खान इससे संतुष्ट नहीं हुए और कहा कि फरवरी तक सभी छात्रों का रजिस्ट्रेशन पूरा होना चाहिए था लेकिन अब तक न तो रजिस्ट्रेशन हुआ और न ही भुगतान।

## समारोह



जयपुर में आयोजित हुए 25वें आईफा अवार्ड्स समारोह में भाग लेती उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी।

# किसान सम्मान निधि के तहत अनुचित लाभ लेने वाले अपात्र व्यक्तियों से वसूली की कार्यवाही जल्द : दक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के सहकारिता राज्यमंत्री गौतम कुमार दक ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत अनुचित लाभ लेने वाले अपात्र व्यक्तियों से शीघ्र वसूली की जाएगी। दक प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पाली जिले में किसान सम्मान निधि के तहत अनुचित तरीके से राशि हस्तांतरण किये जाने के प्रकरण की जांच के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीलिंग को नियुक्त किया गया है। जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि योजना के प्रारंभ में कृषक द्वारा दिए गए घोषणा पत्र के आधार पर ही लाभ राशि का हस्तांतरण कर दिया जाता था। बाद में भूमि की रिपोर्ट अपलोड करना भी अनिवार्य किया गया। केंद्र सरकार द्वारा भी अपात्र व्यक्तियों से सम्मान निधि की राशि वसूलने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 से 2023 के बीच पाली में अपात्र व्यक्तियों को दिए गए लाभ के प्रकरण संज्ञान में आने के बाद पाली जिला कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार देसूरी, मारवाड़ जंक्शन और रानी में एफआईआर दर्ज करवाई गयी है। इससे पहले विधायक केसाराम चौधरी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि मारवाड़ जंक्शन विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत कुल 13 हजार 858 अपात्र व्यक्तियों के आवेदन पंजीकृत हैं।

# कर्नाटक सरकार पर्यटकों की सुरक्षा मजबूत करने के उपायों पर गंभीरता से कर रही विचार : पाटिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक के कानून एवं संसदीय कार्यों के मंत्री एचके पाटिल ने हम्पी के पास एक विदेशी नागरिक समेत दो महिलाओं के साथ बलात्कार की घटना को बहुत ''दुर्भाग्यपूर्ण'' करार दिया और आश्वासन दिया कि राज्य सरकार पर्यटकों की सुरक्षा को मजबूत करने के उपायों पर गंभीरता से विचार कर रही है जिससे ऐसी घटनायें दोबार न हो। पाटिल ने कहा कि वह राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर से इस मुद्दे पर चर्चा करने के वास्ते वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाने का अनुरोध करेंगे। बेंगलूरु में संवाददाताओं से बात करते हुए मंत्री ने कहा, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम्पी और उसके आसपास ऐसा अपराध हुआ है। राज्य सरकार ने इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सभी गंभीर कदम उठाए हैं और हम पीड़ितों को सबल करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। सरकार पर्यटकों की सुरक्षा को मजबूत करने के उपायों पर गंभीरता से विचार कर रही है। कानून मंत्री ने कहा कि वह परमेश्वर के साथ बैठकर सुझावों पर चर्चा करेंगे तथा उनसे वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक आयोजित करने का भी अनुरोध करेंगे। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा, हम बहुत सख्त कदम उठाएंगे जिससे इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो। हम्पी के पास अनेगुंडी क्षेत्र में कथित मादक पदार्थ और गांजे के दुरुपयोग से संबधित सवाल और सरकार को सुरक्षा मापदंडों पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता के बारे में पूछे गए एक प्रश्न का जवाब देते हुए पाटिल ने कहा, '...हम सभी पहलुओं पर विचार करेंगे और यदि होमस्टे, रिसॉर्ट आदि के बारे में सुरक्षा मापदंडों और अन्य उपायों पर फिर से विचार करने की जरूरत हुई तो सरकार निश्चित रूप से उन पर विचार करेगी।'

पुलिस के अनुसार, हम्पी के पास बृहस्पतिवार की रात 27 वर्षीय इजराइली पर्यटक समेत दो महिलाओं से कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया गया और उन पर हमला किया गया। महिलाओं के साथ मौजूद तीन पुरुष पर्यटकों पर भी हमला किया गया और उन्हें नहर में धकेल दिया गया, जिनमें से एक की मौत हो गयी। पुलिस ने तीन आरोपियों में से दो को गिरफ्तार किया है और तीसरे आरोपी को पकड़ने के लिए प्रयास जारी हैं।

हम्पी सामूहिक दुष्कर्म मामला

# पर्यटन केंद्रों के आसपास सुरक्षा बढ़ाई गई

कोप्पल/दक्षिण भारत। राज्य के कोप्पल जिले में स्थित ऐतिहासिक हम्पी शहर के नजदीक दो महिलाओं के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म की घटना के मद्देनजर सुरक्षा के लिए कई कदम उठाए गए हैं जिनमें पुलिस रात्रि गश्त बढ़ाने, वाहनों की जांच के लिए विशेष अवरोधक लगाने और 'होमस्टे' एवं 'रिजॉर्ट' मालिकों को सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश शामिल हैं। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार हम्पी के पास बृहस्पतिवार रात दो महिलाओं (27 वर्षीय एक इजरायली पर्यटक और एक 'होमस्टे' मालकिन) के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया गया और उनके साथ मारपीट की गई।

पुलिस के मुताबिक महिलाओं के साथ मौजूद तीन पुरुष पर्यटकों के साथ भी मारपीट की गयी और उन्हें नहर में धकेल दिया गया जिनमें से एक की मौत हो गई। इस घटना के बाद, कई विदेशी कथित तौर पर हम्पी और आसपास के इलाकों को छोड़ रहे हैं। कोप्पल के पुलिस अधीक्षक राम एल अरासिद्दी ने कहा कि राजमार्ग पर गश्ती वाहनों की संख्या दोगुनी कर दी गई है तथा एहतियात के तौर पर विशेष रूप से अनेगुंडी और सनापुर में रात्रि गश्त के लिए एक निरीक्षक स्तर के अधिकारी को तैनात किया गया है। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हमने कल (अपने अधिकार क्षेत्र के) सभी होमस्टे' और रिजॉर्ट' मालिकों के साथ बैठक की। हमने उन्हें सख्त निर्देश दिया है कि वे अपने परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। अपने यहां आने वाले विदेशियों के बारे में स्थानीय थाने में सूचना दें। उन्हें (विदेशी पर्यटकों को) अनिवार्य रूप से फॉर्म सी' भरना होगा तथा वीजा, पासपोर्ट का विवरण साझा करना होगा तथा नजदीकी थाने में पासपोर्ट आकार की फोटो जमा करानी होगी।

# कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव सोना तस्करी मामले को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कन्नड फिल्मों की अभिनेत्री रान्या राव की सोना तस्करी के मामले में कथित संलिप्तता को लेकर कर्नाटक में राजनीतिक पारा चढ़ गया है, जहां सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक दूसरे पर पक्षपात और मामले को दबाने का आरोप लगा रही है। हर्षवर्धिनी रान्या उर्फ रान्या राव को करीब एक सप्ताह पहले दुबई से 12 करोड़ रुपये मूल्य के सोने की तस्करी कर भारत लाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। भाजपा ने रान्या को बचाने में एक प्रभावशाली मंत्री की संलिप्तता का आरोप लगाया है जबकि कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी ने टीएमटी स्टील बार फैक्टरी स्थापित करने के लिए उन्हें 12 एकड़ जमीन आवंटित की थी। भाजपा की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा, हाल के दिनों में सबसे बड़ी सोने की तस्करी में सिद्दरामय्या की सरकार के एक प्रमुख मंत्री की संलिप्तता को लेकर मीडिया में आई खबरों को लेकर आश्चर्य की बात नहीं हैं – खासकर इस सरकार के तेजी से बढ़ते 'नवीन' तरीकों से घोटाले करने के ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए!

विधायक ने कहा कि सरकारी प्रोटोकॉल का घोर उल्लंघन, जिसके कारण रान्या राव को कथित रूप से 12 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सोने की तस्करी करने में सफलता मिली, सरकार के भीतर प्रभावशाली व्यक्तियों के प्रत्यक्ष समर्थन के बिना यह संभव नहीं हो सकता।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि यदि ये खबरें सच हैं, तो इससे कथित साठगांठ का स्तर गंभीर चिंता पैदा करता है। कांग्रेस नेता और राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि जांच चल रही है और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के भी इसमें शामिल होने से सच्चाई सामने आ जाएगी।

# कर्नाटक सरकार को अभिनेत्री रान्या राव से जुड़े सोना तस्करी मामले की कोई जानकारी नहीं : गृह मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





बेंगलूरु। कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार के पास कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव से जुड़े सोना तस्करी गिरोह के संबंध में कोई जानकारी नहीं है, क्योंकि मामले की जांच कर रहे राजस्व खुफिया निदेशालय और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से उसका कोई संवाद नहीं हुआ है।

परमेश्वर ने हालांकि कहा कि कर्नाटक सरकार राज्य की पुलिस पर लगाए गए इन आरोपों की जांच करेगी कि उसने अभिनेत्री को प्रोटोकॉल संबंधी विशेषाधिकार दिए। गृह मंत्री ने सोने की तस्करी के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक सुनील कुमार द्वारा शून्यकाल के दौरान विधानसभा में पूछे गए सवाल और कर्नाटक के दो मंत्रियों की कथित संलिप्तता की खबरों के जवाब में कहा, इस मामले को केंद्र सरकार देख रही है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) राज्य सरकार के अधीन नहीं आता। अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का प्रशासन भी राज्य सरकार के अधीन नहीं आता लेकिन हम यह नहीं कह रहे कि सोने की तस्करी नहीं हुई है।''

उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि राज्य सरकार को इस मामले की कोई जानकारी नहीं है और डीआरआई या सीबीआई से भी अभी तक कोई संवाद नहीं हुआ है, जो मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मामले की जांच कर रही हैं। उन्होंने कहा, आमतौर पर जांच सीबीआई को सौंपने के लिए प्रक्रियागत रूप से सरकार की अनुमति मांगी जाती है। (इस मामले में) यह भी नहीं किया गया। इसलिए हमें भी उतना ही पता है जितना आप मीडिया के माध्यम से जानते हैं।

उन्होंने कहा कि अभिनेत्री के सौतेले पिता पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रैंक के अधिकारी हैं और आरोप हैं कि उन्होंने एवं पुलिस ने अभिनेत्री की मदद की। उन्होंने कहा कि यह जांच का विषय है और बताया जा रहा है कि सीबीआई मामले की जांच कर रही है। परमेश्वर ने दो मंत्रियों की कथित संलिप्तता की खबरों के बारे में कहा कि इसकी भी जांच सीबीआई को करनी है। उन्होंने कहा, अगर सीबीआई को मंत्रियों की सोने की तस्करी में संलिप्तता का पता चलता है तो आप जानते हैं कि क्या होगा। हम (राज्य सरकार) बस इतना ही कह सकते हैं, इसके अलावा कुछ नहीं।कुमार ने गृह मंत्री के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार को पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की बेटी को प्रोटोकॉल संबंधी विशेषाधिकार दिए जाने और पुलिस जीप मुहैया कराए जाने की सीबीआई जांच का आदेश देना चाहिए। उन्होंने सोने की तस्करी के संबंध में कुछ भी जानकारी नहीं होने के राज्य सरकार के दावों पर भी सवाल उठाते हुए कहा, ''ऐसा लगता है कि सरकार किसी को बचाने की कोशिश कर रही है।'' इस पर परमेश्वर ने कहा, ''राज्य सरकार के स्तर पर जो भी जांच की जानी है, उस पर निश्चित रूप से गौर किया जाएगा जैसे कि पुलिस विभाग के भीतर कथित तौर पर जो कुछ हुआ है।''

विपक्ष के नेता आर अशोक ने भी पुलिस की संलिप्तता पर सवाल उठाया। परमेश्वर ने जवाब देते हुए कहा कि पुलिस विभाग की चूक के संबंध में जांच की जाएगी। रान्या राव पर प्रोटोकॉल संबंधी विशेषाधिकारों का दुरुपयोग कर सोने की तस्करी करने का आरोप है। हर्षवर्धिनी रान्या उर्फ रान्या राव को दुबई से करीब 12 करोड़ रुपये मूल्य के सोने की तस्करी करने के आरोप में करीब एक सप्ताह पहले गिरफ्तार किया गया था। रान्या कर्नाटक राज्य पुलिस आवास एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, डीजीपी के. रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं। शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए कुमार ने कहा कि ऐसी खबरें हैं कि अभिनेत्री द्वारा विदेश से सोना तस्करी करने के पीछे एक बड़ा माफिया है और इसका हवाला से संबंध होने की अटकलें हैं।

# बेंगलूरु कैंटोनमेंट रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संचालन और प्लेटफॉर्म तक सुगम पहुँच



बेंगलूरु/दक्षिण भारत। बेंगलूरु कैंटोनमेंट रेलवे स्टेशन पर चल रहे बुनियादी ढांचे के विकास के साथ, रेलवे सुविधाओं में सुधार करने और सभी यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रहा है। यात्रियों को किसी भी असुविधा से बचने के लिए जल्दी पहुंचने और पूरे स्टेशन पर उपलब्ध संकेतों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। बेंगलूरु कैंटोनमेंट रेलवे स्टेशन एक महत्वपूर्ण स्टेशन है, जो बड़ी संख्या में यात्रियों को सेवा प्रदान करता है। बेंगलूरु के सबसे व्यस्त स्टेशनों में से एक इस स्टेशन से यह 58 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों और 37 पैसेंजर ट्रेनों को संचालन होता है, जो इसे शहर के परिवहन नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाता है।

वर्तमान में, बेंगलूरु कैंटोनमेंट से बैयप्पनहल्ली की ओर जाने वाली सभी ट्रेनों को प्लेटफ़ॉर्म नंबर 2 से संभाला जाता है, जहाँ टर्मिनल 2 (मिलर रोड पर पीछे का प्रवेश द्वार) के माध्यम से पहुँचा जा सकता है। हालाँकि, कुछ ट्रेनें, जैसे ट्रेन नंबर 20671/2 (बेंगलूरु कैंटोनमेंट – मदुरै), ट्रेन नंबर 20641/2 और (बेंगलूरु कैंटोनमेंट–कोयंबटूर) वंदे भारत एक्सप्रेस, अब प्लेटफ़ॉर्म 1 (कैंटोनमेंट रोड/शिवाजी नगर की ओर) के अंत में स्थित नवनिर्मित प्लेटफ़ॉर्म 1– से 1ए तक संभाली जा रही हैं। बस लेने वाले यात्री कैंटोनमेंट बस स्टॉप पर उतर सकते हैं जो इस टर्मिनल 1 (कैंटोनमेंट रोड/शिवाजी नगर की तरफ) के सबसे नजदीक है। इन विशिष्ट ट्रेनों पर यात्रा करने वाले यात्रियों से अनुरोध है कि वे प्लेटफॉर्म 1 की तरफ मुख्य प्रवेश द्वार (टर्मिनल 1) पर उतरें और प्लेटफॉर्म 1 से होते हुए प्लेटफॉर्म 1ए से 1ई तक पहुँचें, जहाँ ये ट्रेनें खड़ी हैं। वे स्टेशन के सामने की तरफ स्थित टर्मिनल 1 पर अस्थायी प्रवेश द्वार का भी उपयोग कर सकते हैं। यह प्रवेश द्वार लगभग 100 मीटर की पैदल दूरी के भीतर प्लेटफॉर्म 1ए से 1ई तक सीधे पहुँच की अनुमति देता है। अन्य सभी ट्रेनों के लिए, यात्रियों को प्रवेश के लिए टर्मिनल 2 (पिछला गेट) का उपयोग करना होगा।

ध्यान देने योग्य है कि यहां चल रहे निर्माण कार्य के कारण, वर्तमान में टर्मिनल 2 (प्लेटफॉर्म 2 की तरफ) पर पार्किंग की कोई सुविधा नहीं है। पार्किंग सुविधा का लाभ उठाने के इच्छुक यात्री टर्मिनल 1 पर जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यदि यात्री गलत टर्मिनल से स्टेशन में प्रवेश करते हैं, तो वे प्लेटफ़ॉर्म के बीच जाने (या टर्मिनल बदलने) के लिए फुट ओवर ब्रिज का उपयोग कर सकते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए, स्टेशन के प्लेटफ़ॉर्म 1 की ओर (सामने का प्रवेश द्वार/ कैंटोनमेंट रोड) एक यात्री आरक्षण काउंटर और चार अनारक्षित टिकट काउंटर से सुसज्जित है, जबकि प्लेटफ़ॉर्म 2 की ओर (पीछे का प्रवेश द्वार/ मिलर रोड) टिकट सेवाओं के लिए दो यूटीएस काउंटर और एक स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन उपलब्ध है।

# भाजपा ने ग्रेटर बेंगलूरु विधेयक का विरोध किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने सोमवार को कांग्रेस सरकार पर 'ग्रेटर बेंगलूरु गवर्नेंस विधेयक' के जरिए बेंगलूरु को विभाजित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया और कहा कि इससे गैर-कन्नड़ महापौर बन सकते हैं। इस विधेयक में बृहत बेंगलूरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) को सात नगर निगमों में बांटने की सिफारिश की गई है। उन्होंने विधेयक को शहर का ''अंत'' करने का प्रयास करार देते हुए कहा कि यह विधेयक संविधान के 74वें संशोधन के खिलाफ है, क्योंकि इससे सत्ता निर्वाचित पार्षदों के बजाय मुख्यमंत्री के हाथ में आ जाएगी।

उपमुख्यमंत्री एवं बेंगलूरु विकास के लिए प्रभारी मंत्री डी. के. शिवकुमार ने 'ग्रेटर बेंगलूरु गवर्नेंस विधेयक, 2024' को विधानसभा में विचार के लिए रखा। पिछले साल जुलाई में इस विधेयक को संयुक्त प्रवर समिति के पास भेजा गया था। समिति ने पिछले सप्ताह विधानसभा में अपनी रिपोर्ट पेश की। विधेयक में बृहत बेंगलूरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) को ग्रेटर बेंगलूरु क्षेत्र में अधिकतम सात नगर निगमों में विभाजित करके पुनर्गठन का प्रस्ताव है।

इसमें समन्वय और पर्यवेक्षण के लिए बृहत बेंगलूरु प्राधिकरण (जीबीए) के गठन और महापौर और उप महापौर के लिए 30 महीने के कार्यकाल का भी प्रावधान है। जीबीए का नेतृत्व मुख्यमंत्री पदेन अध्यक्ष के रूप में करेंगे, जबकि बेंगलूरु के विकास के प्रभारी मंत्री पदेन उपाध्यक्ष होंगे।

इस बात को रेखांकित करते हुए कि शिवकुमार के पिता का नाम शहर के संस्थापक केम्पेगौड़ा से मिलता-जुलता है, अशोक ने कहा, केम्पेगौड़ा के बेटे होने के नाते, वह (शिवकुमार) बेंगलूरु को टुकड़ों में बांट रहे हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कन्नड़ लोग शहर में अल्पसंख्यक बन रहे हैं और यदि इसे ऐसे ही छोड़ दिया गया, तो यह केंद्र शासित प्रदेश बन जाएगा। अशोक ने कहा कि 2006 में तत्कालीन भारतीय जनता पार्टी सरकार ने आसपास के कन्नड़ भाषी गांवों को दायरे में लाकर बीबीएमपी का गठन किया था। उन्होंने कहा, आज आप चार या पांच निगमों में विभाजित कर रहे हैं। हमें नहीं पता कि कितने हैं। बेंगलूरु पूर्व (बेंगलूरु) में कन्नड़ कैसे अस्तित्व में रहेगा? बच पाना संभव नहीं है। हम एक-एक करके खोना शुरु कर देंगे। इसका प्रभाव आखिर में कन्नड़ पर पड़ेगा। हमारे पास कन्नड़ मेयर भी नहीं होंगे...।''

अशोक ने कहा, ''...चुने हुए प्रतिनिधि – महापौर को सर्वोच्च होना चाहिए। लेकिन यहां डी.के. शिवकुमार और मुख्यमंत्री सर्वोच्च हैं।'' प्रवर समिति की रिपोर्ट में समन्वय और देखरेख प्रबंधन के लिए ग्रेटर बेंगलूरु प्राधिकरण के गठन और महापौर तथा उप महापौर के लिए 30 माह के कार्यकाल का प्रावधान किया गया है।

# सोने की तस्करी मामले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया

बेंगलूरु। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने सोमवार को अभिनेत्री रान्या राव से जुड़े सोने की तस्करी मामले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया व्यक्ति एक प्रमुख होटल व्यवसायी का बेटा है और अभिनेत्री से जुड़ी सोने की तस्करी के मामले में कथित तौर पर उसका सहयोगी था। कारोबारी को आर्थिक अपराधों के लिए विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने डीआरआई को उसे पांच दिन तक हिरासत में रखने की अनुमति दी। डीआरआई ने एक सप्ताह पहले केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव से 12.56 करोड़ रुपये कीमत की सोने की छड़ें जब्त की थीं। राव, भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं। पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारी कर्नाटक राज्य पुलिस आवास और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हैं।

# बेंगलूरु की महिला के साथ यौन उत्पीड़न के आरोप में ब्रिटिश नागरिक अंडमान में गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/पोर्ट ब्लेयर। अंडमान-निकोबार द्वीप समूह पुलिस ने बेंगलूरु की एक महिला पर्यटक का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक ब्रिटिश नागरिक को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पीड़िता (30) द्वारा दर्ज कराई गई पुलिस शिकायत के अनुसार, यह घटना 26 फरवरी को स्वराज द्वीप (हैवलॉक द्वीप) के गोविंद नगर (बीच नंबर 2) स्थित स्कूबा डाइविंग रिसॉर्ट में हुई।

अधिकारियों ने बताया कि पीड़िता ने छह मार्च को 'जीरो एफआईआर' दर्ज कराई थी, जिसे बाद में स्वराज द्वीप पुलिस थाने को सौंप दिया गया। 'जीरो एफआईआर' ऐसी प्राथमिकी होती है जिसे किसी भी थाने में दर्ज किया जा सकता है और बाद में इसे संबंधित थाने को स्थानांतरित कर दिया जाता है। 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत के दौरान दक्षिण अंडमान के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मनोज कुमार मीणा ने कहा, हमने विदेशी नागरिक को गिरफ्तार कर लिया है। वह फिलहाल 14 दिन की न्यायिक हिरासत में है। जांच जारी है और हम मेडिकल रिकॉर्ड का इंतजार कर रहे हैं।

जांच से पता चला कि पीड़िता अपने एक दोस्त के साथ अंडमान गई थी और बाद में छुट्टी मनाने के लिए स्वराज द्वीप गई, जहां उसकी मुलाकात इस विदेशी नागरिक से हुई जो 'स्कूबा डाइविंग' सीख रहा था।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि महिला और आरोपी द्वीप पर एक-दूसरे के साथ मिलकर समय बिता रहे थे। 26 फरवरी को महिला ने कहा कि उसे पेय पदार्थ में कुछ मिलाकर दिया गया। जब वह होश में आई, तो उसने पाया कि वह रिसॉर्ट में असहज स्थिति में थी। इसके बाद वह अपने घर लौट आई और इस घटना के बारे में अपने माता-पिता को बताया। माता-पिता की सलाह पर उसने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। प्राथमिकी में पीड़िता ने कहा कि मानसिक आघात और भूलने की बीमारी के कारण उसने एक सप्ताह से अधिक समय बाद शिकायत दर्ज कराई।

# कर्नाटक विधानसभा में सूक्ष्म-वित्त विधेयक पारित

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक विधानसभा ने उधारकर्ताओं को सूक्ष्म-वित्त संस्थानों (एमएफआई) के उत्पीड़न से बचाने और एवं जबरन वूसली पर लगाम के लिए लाए गए विधेयक को सोमवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस विधेयक में दोषियों के लिए 10 साल तक के कारावास और उल्लंघन के लिए पांच लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या की तरफ से कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एच के पाटिल ने इस विधेयक को विधानसभा में पेश किया।

विधानसभा ने कर्नाटक सूक्ष्म ऋण एवं लघु ऋण (जबरन कार्रवाई पर लगाम) विधेयक, 2025 को ध्वनि मत से निर्विरोध पारित कर दिया। यह विधेयक कर्नाटक सूक्ष्म ऋण एवं लघु ऋण (जबरन कार्रवाई पर लगाम) अध्यादेश की जगह लेगा, जिसे 12 फरवरी को जारी किया गया था।

सरकार ने कर्ज में फंसे लोगों की आत्महत्या की बढ़ती संख्या और राज्य के विभिन्न हिस्सों से सूक्ष्म-वित्त कंपनियों के ऋण वसूली के लिए हिंसक तरीके अपनाने को लेकर मिली शिकायतों के बाद यह अध्यादेश लाने का फैसला किया था।


भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
इसरो टेलिमेट्रि ट्रैकिंग एवं कमांड नेटवर्क (इस्ट्रैक)
(निर्माण एवं अनुरक्षण प्रभाग), पीण्या औद्योगिक क्षेत्र, बेंगलूरु-560058

संक्षिप्त ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, समूह प्रमुख, इस्ट्रैक, इसरो पीण्या, बेंगलूरु-58 द्वारा समुचित वर्ग के ठेकेदरों से एनआईटी में निम्नलिखित कार्यो के लिए नग दर ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित किया जाता है। (फोन : 080-28094541,28094178)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | एससीसी, एमओएक्स, पीन्या, इस्ट्रैक, बेंगलूरु में स्थापित पैकेज ए.सी. इकाइयों, प्रीसेशन पैकेज, ए.सी. इकाइयों, डक्टेबल ए.सी. इकाइयों के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। | आईडीएसएन, बयालालु, इस्ट्रैक, बेंगलूरु में स्थापित पैकेज ए.सी. इकाइयों, प्रीसेशन पैकेज, ए.सी. इकाइयों के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। |
| 2 | एनआईटी सं | इस्ट्रैक/सीएमजी/एमएआईएनटी/ए.सी/ ईटीएन-77/2024-2025 दिनांक 06.03.2025 | इस्ट्रैक/सीएमजी/एमएआईएनटी/ए.सी/ ईटीएन-78/2024-2025 दिनांक 06.03.2025 |
| 3 | निविदा का अनुमानित मूल्य | ₹ 20.25 लाख | ₹ 15.40 लाख |
| 4 | निविदा दस्तावेज विवरण | ई-निविदा | ई-निविदा |
| 5 | कार्यादेश जारी होने के 15 दिन बाद की तिथि से गिनी जाने वाली कार्य समापन अवधि | 24 (चौबीस) महीने, जिसमें समान नियमों व शर्तों के साथ अनुबंध को एक वर्ष की अवधि के लिए आगे बढ़ाने का प्रावधान है। | |
| 6 | निविदा प्रलेख डाउनलोड करने की अवधि | 11.03.2025 से 24.03.2025 के 16.00 बजे तक | |
| 7 | बोली स्पष्टीकरण | 12.03.2025 से 25.03.2025 के 16.00 बजे तक | |
| 8 | बोली स्पष्टीकरण के जवाब देने की अंतिम तारीख | 26.03.2025 के 16.00 बजे तक | |
| 9 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तारीख और समय | 27.03.2025 के 16.00 बजे तक | |
| 10 | निविदा खोलने की नियत तारीख और समय | 28.03.2025 को 11.00 बजे से | |
| 11 | अग्रदाय रकम जमा (ईएमडी) | ₹ 40,500.00 | ₹ 30,800.00 |

2. पात्रता मानदंड और अन्य ब्यौरे के लिए इच्छुक निविदाकार विस्तृत सूचना आमंत्रण निविदा (एनआईटी) देंखे जिसे वेबसाइट www.isro.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। बोली प्रपत्र औप अन्य ब्यौरे वेबसाइट www.tenderwizard.com/ISRO से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

समूह प्रमुख-सीएमजी, इस्ट्रैक

## सुविचार

उड़ने में बुराई नहीं है, आप भी उड़ें..लेकिन उतना ही जहाँ से जमीन साफ़ दिखाई देती हो।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# धर्मांतरण की साजिशों पर लगाम जरूरी

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा की गई यह घोषणा कि उनकी सरकार नाबालिगों से दुष्कर्म की सजा की तरह लड़कियों का धर्म परिवर्तन कराने वालों के लिए भी मृत्युदंड का प्रावधान करेगी, ऐसे लोगों को कड़ी चेतावनी है, जो इस किस्म के कृत्यों में लिप्त हैं। देश में बहला-फुसलाकर, शादी का वादा कर, बेहतर जीवन स्तर के झूठे सपने दिखाकर धर्मांतरण कराने संबंधी गतिविधियां चल रही हैं। खासकर हिंदू बच्चियां इनके निशाने पर होती हैं। उनके दिलो-दिमाग में पूर्वजों के धर्म और मान्यताओं के संबंध में इतनी भ्रांतियां पैदा कर दी जाती हैं कि वे धर्मांतरण के लिए तैयार हो जाती हैं। ऐसे कई मामले देखे गए, जब कोई मासूम बच्ची किसी शातिर मानसिकता वाले शख्स के जाल में फंसी और उसने अपने परिवार से बगावत कर दी। साजिश के तहत उसका धर्मांतरण कराया गया और उसके बाद जो कुछ हुआ, उससे सुनहरे भविष्य के सपने मिट्टी में मिल गए। इसलिए अगर कोई राज्य सरकार बेटियों की सुरक्षा के लिए कोई कठोर कानून लेकर आती है तो उसका स्वागत होना चाहिए। हालांकि ऐसे कानून को लागू करवा पाना आसान नहीं होगा। कुछ लोग इसे न्यायालय में चुनौती दे सकते हैं। वे इसे निजी आस्था का मामला बताकर अदालती हस्तक्षेप की मांग कर सकते हैं। कुछ एनजीओ और कथित थिंक टैंक यह दुष्प्रचार कर सकते हैं कि भारत में धार्मिक स्वतंत्रता को दबाया जा रहा है। इसलिए मप्र सरकार को इन सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए ऐसे शब्दों का चयन करते हुए कानूनी प्रावधान करने होंगे, जिससे धार्मिक स्वतंत्रता भी रहे और बेटियों के प्रति कुत्सित मानसिकता रखने वालों के लिए सजा के रास्ते भी खुलें।

बेटियों के धर्मांतरण का समाज पर क्या असर हो सकता है, यह जानना हो तो पाकिस्तान के सिंध में रहने वाले हिंदुओं की आपबीती सुनें। वहां अब तक हजारों मासूम हिंदू बालिकाओं का धर्मांतरण करवा दिया गया है। आज वहां हिंदू लड़कों के विवाह के लिए लड़कियां नहीं मिल रही हैं। उधर कई गिरोह काम कर रहे हैं, जो डरा-धमकाकर, लालच देकर, झूठी दोस्ती कर, हमदर्दी जताकर और किसी न किसी तरीके से हिंदू बच्चियों को अपनी आस्था से दूर करते हुए उनका धर्मांतरण करवा रहे हैं। अब सोशल मीडिया पर ऐसे कई चैनल बन गए हैं, जो उन बेटियों की आवाज उठा रहे हैं। उन्हें कैसे बहला-फुसलाकर जाल में फंसाया गया, कैसे उनकी आस्था को बदला गया, कैसे माता-पिता के खिलाफ बगावत करने को उकसाया गया ... जैसे बिंदुओं पर खुलकर बात की जा रही है। कई लड़कियां, जिनका पहले धर्मांतरण कराया गया था, बाद में सच्चाई उनके सामने आ गई, वे इन चैनलों पर चर्चा में शामिल होकर लोगों को सावधान कर रही हैं। एक मामला (भारत के किसी शहर का) कुछ इस तरह था- सामान्य हिंदू परिवार की एक लड़की पढ़ाई में बहुत अच्छी थी। माता-पिता ने अपनी शक्ति व सामर्थ्य के अनुसार उसे अच्छे स्कूल-कॉलेज तो भेजा, लेकिन अपने धर्म व संस्कारों की कोई खास शिक्षा नहीं दी। पढ़ाई के बाद वह लड़की एक दफ्तर में काम करने लगी, जहां एक सहकर्मी से उसकी घनिष्ठता हो गई। बहुत सीधा और सरल नजर आने वाला वह शख्स अपने 'उदार' विचारों के कारण उस लड़की को बहुत अच्छा लगने लगा। एक दिन वह उसे अपने घर ले गया, अपने परिवार से मिलाया। उन लोगों का व्यवहार भी बहुत 'उदार' था। कुछ महीने बाद लड़की ने माता-पिता को अपने फैसले से अवगत कराया। घर में बहुत झगड़ा हुआ। माता-पिता ने कहा कि 'कम से कम इस बात की तो छानबीन कर लें कि लड़का कैसा है, परिवार कैसा है, उसकी सामाजिक छवि कैसी है', लेकिन उनकी एक न चली। लड़की ने धर्मांतरण कर लिया। उसके बाद शादी हो गई। सालभर में उसे पता लग गया कि दूर के ढोल सुहावने थे। पति ने उसकी सारी जमा-पूंजी ले ली। ससुराल वाले उस पर नई-नई शर्तें थोपने लगे। जब पति से शिकायत की तो उसने कहा कि मैं अपने माता-पिता से ऊपर नहीं हूं, ये जैसा कहेंगे, वैसा करना होगा, अन्यथा ये दूसरी बहू ले आएंगे। उस लड़की को एक संतान हुई, लेकिन उसके बाद ससुराल में रहना दूभर हो गया। उसे लौटकर मायके आना पड़ा। कुछ ऐसी ही कहानी राजस्थान की एक बेटी की है, जिसने धर्मांतरण के बाद एक युवक को अपना हमसफर बनाया। उसे दो लड़के हुए। इस दौरान उसे कुछ स्वास्थ्य समस्याएं हो गईं। उसके ससुराल वाले दोनों लड़कों को रखने के पक्ष में हैं, लेकिन महिला को हमेशा के लिए मायके भेजना चाहते हैं, ताकि उसके शौहर की दूसरी शादी करवा सकें। अगर इन बेटियों को समय रहते अपने धर्म, अपने संस्कारों का ज्ञान दिया होता और सरकार ने अपने स्तर पर कानूनी सुरक्षा उपलब्ध कराई होती तो इनका जीवन ऐसा नहीं होता।

## ट्वीटर टॉक



सामाजिक सुरक्षा पेंशन जरूरतमंद लोगों के लिए आजीविका का सहारा है। पेंशन पाने वाले लोग यथा बुजुर्ग, दिव्यांग इत्यादि अधिकांश ऐसे हैं जो कहीं भी आने-जाने के लिए किसी और पर निर्भर रहते हैं इसलिए उनका सत्यापन करवाने के लिए आना भी अपने आप में चुनौतीपूर्ण होता है।

-अशोक गहलोत



पूरा विपक्ष संसद में वोटर लिस्ट पर विस्तृत चर्चा की मांग कर रहा है। महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों को लेकर मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस को एक महीने से अधिक हो गया है। मगर पारदर्शिता को लेकर चुनाव आयोग से हमने जो मांगें की थीं, वो अब तक पूरी नहीं की गई हैं।

-राहुल गांधी



केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के स्थापना दिवस पर माँ भारती के सभी वीर जवानों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! देश के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और आंतरिक सुरक्षा को अभेद्य बनाने वाले आप जैसे वीर सपूतों पर देश को सर्वदा गर्व रहेगा।

-अर्जुनराम मेघवाल

## प्रेरक प्रसंग

# शांत मन से ईश्वरीय अहसास

एक आदमी रात को झोपड़ी में बैठकर एक छोटे से दीये को जलाकर कोई शास्त्र पढ़ रहा था। आधी रात बीत गई। जब वह थक गया तो फूंक मारकर उसने दीया बुझा दिया। लेकिन वह यह देखकर हैरान हो गया कि जब तक दीया जल रहा था, पूर्णिमा का चांद बाहर खड़ा रहा। लेकिन जैसे ही दीया बुझ गया, तो चांद की किरणें उस कमरे में फैल गईं। वह आदमी बहुत हैरान हुआ यह देखकर कि एक छोटे से दीये ने इतने बड़े चांद को बाहर रोक कर रखा। इसी तरह, हमने भी अपने जीवन में अहंकार के बहुत छोटे-छोटे दीये जला रखे हैं, जिसके कारण परमात्मा रूपी चांद बाहर ही खड़ा रह जाता है। जब मन शांत होगा, तभी ईश्वर की उपस्थिति महसूस होगी।

## सामयिक

# समाज को पुरुषों की पीड़ा भी समझनी होगी



"असल में समाज ने पुरुषों को हमेशा एक मशीन की तरह समझा है। ऐसी मशीन, जो दर्द सहन करती रहे, लेकिन कोई आवाज न करे और ना ही कभी किसी से शिकायत करे। समाज में पुरुष को रोने का अधिकार भी नहीं है। अगर गलती से या भावनाओं में बह कर पुरुष रो भी दे, तो उसे कमजोर कह दिया जाता है।

**अमित बैजनाथ गर्ग**
मोबाइल : 78770 70861

आगरा में एक निजी कंपनी में मैनेजर मानव शर्मा के रूप में एक और पुरुष वैवाहिक विवाद की भेंट चढ़ गया। मानव की मौत बताती है कि एक पुरुष भी कहीं ना कहीं मानसिक रूप से कमजोर है और टूटा हुआ है, लेकिन वह अपनी पीड़ा किसी से कह नहीं पा रहा है। मानव की लाइव फांसी का वीडियो हर उस समाज के चेहरे पर तमाचा है, जो हमेशा पुरुषों को केवल मजबूत और सहनशील समझने का दावा करता है। पत्नी के अफेयर, घरेलू प्रताड़ना और झूठे आरोपों से तंग आकर मानव ने आत्महत्या कर ली। यह अकेला मामला नहीं है, बल्कि हर साल लाखों पुरुष ऐसे हालात से गुजरते हैं, लेकिन उनकी आवाज न तो समाज सुनता है और ना ही कानून। वे अपने दर्द में भीतर ही भीतर घुट कर रह जाते हैं और मौत का रास्ता चुन लेते हैं।

पहले बात करते हैं आंकड़ों की। राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो यानी कि एनसीआरबी के मुताबिक साल 2020 में कुल 1,53,052 आत्म हत्याएं हुईं, जिनमें से 1,08,532 पुरुष थे। मतलब कुल आत्महत्या का करीब 71 प्रतिशत। वहीं साल 2021 में कुल 1,64,033 आत्महत्याओं में से 1,18,979 पुरुष थे। इसी तरह साल 2022 में पुरुषों की आत्महत्या का यह आंकड़ा 1,19,543 तक पहुंच गया। साल 2015 से 2022 तक आठ सालों में करीब आठ लाख से ज्यादा पुरुषों ने आत्महत्या कर ली। एनसीआरबी का कहना है कि सबसे ज्यादा आत्महत्या करने वाले पुरुषों की वजह वैवाहिक विवाद, मानसिक प्रताड़ना, झूठे दहेज के केस, पत्नी के अवैध संबंध और आर्थिक तंगी रहे। असल में कानूनों का दुरुपयोग होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, 498 ए में दहेज उत्पीड़न के 80 प्रतिशत से ज्यादा केस झूठे पाए गए हैं। एक बार केस लगने के बाद पुरुष की मानसिक, सामाजिक और आर्थिक स्थिति पूरी तरह बर्बाद हो जाती है।

देश में आत्महत्या एक प्रमुख राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा है। आंकड़ों के अनुसार, साल 2022 में कुल 1.71 लाख आत्म हत्याएं दर्ज की गई, जो 2021 की तुलना में 4.2 प्रतिशत की वृद्धि और साल 2018 की तुलना में 27 प्रतिशत का उछाल दर्ज करती हैं।

प्रति एक लाख जनसंख्या पर आत्महत्या की दर साल 2022 में बढ़कर 12.4 हो गई है, जो अब तक उच्चतम है। आत्महत्या से मरने वाले पुरुषों में महिलाओं की तुलना में मानसिक स्वास्थ्य की ज्ञात स्थिति होने की संभावना बहुत कम होती है, जिसके लिए मानसिक स्वास्थ्य प्रणालियों के बाहर रोकथाम बिंदुओं की पहचान करना महत्वपूर्ण है। एक्सपर्ट कहते हैं कि अंतरंग साथी की समस्याएं, कानूनी मुद्दे, बेरोजगारी एवं वित्तीय समस्याएं और स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं जैसे गंभीर जीवन तनाव मध्यम आयु वर्ग के पुरुषों में आत्महत्या के लिए सबसे आम कारण हैं।

सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि हर साल एक लाख से ज्यादा पुरुष आत्महत्या करते हैं। क्या पुरुषों की पीड़ा को समझने वाला समाज में कोई नहीं है? क्या उनके दर्द को समाज ने पूरी तरह से अनदेखा कर दिया है? गौरतलब है कि कानून में महिलाओं की सुरक्षा के लिए 498 ए (दहेज उत्पीड़न) और डीवी एक्ट (घरेलू हिंसा कानून) जैसे कई प्रावधान हैं, लेकिन पुरुषों के लिए कोई ऐसा कानून नहीं है, जो उन्हें घरेलू प्रताड़ना से बचा सके। अगर पत्नी झूठा केस भी कर दे, तो पुरुष को दोषी मानकर तुरंत जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी जाती है। एक्सपर्ट का मानना है कि कानूनों का दुरुपयोग हो रहा है। उनका कहना है कि पुरुषों की पीड़ा को भी सुना जाना चाहिए। आखिर उनकी आवाज को कोई क्यों नहीं सुनता?

असल में समाज ने पुरुषों को हमेशा एक मशीन की तरह समझा है। ऐसी मशीन, जो दर्द सहन करती रहे, लेकिन कोई आवाज न करे और ना ही कभी किसी से शिकायत करे। समाज में पुरुष को रोने का अधिकार भी नहीं है। अगर गलती से या भावनाओं में बह कर पुरुष रो भी दे, तो उसे कमजोर कह दिया जाता है।

अगर वह अन्याय के खिलाफ आवाज उठाए, तो उसे महिला विरोधी करार दे दिया जाता है। उसे औरतों का दुश्मन बता दिया जाता है। समाज के मौजूदा हालातों को देखते हुए अब वक्त बदलाव का है। घरेलू प्रताड़ना में पुरुषों के लिए भी कानून बनाए जाने की मांग काफी समय से उठ रही है, जिसके बारे में अब गंभीरता से सोचने की जरूरत है। वहीं झूठे केस करने वालों पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान किए जाने की भी दरकार है। इसके अलावा समाज को पुरुषों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को भी गंभीरता से समझना होगा। अब पुरुषों के आंसू भी समझने की जरूरत है, समय रहते ऐसा होना चाहिए।

## विशेष

# बदलते जमाने की रंग बदलती होली

**प्रियंका सौरभ**
मोबाइल : 7015375570

होली एक ऐसा त्यौहार है जिसे हर पृष्ठभूमि के लोग मनाते हैं, जिसमें दुश्मनी भुलाकर गले मिलते हैं। फिर भी, एकता और प्यार का यह त्यौहार बदल रहा है। फाल्गुन की खुशियाँ अब दूर की यादों की तरह लगती हैं। होली के रंग, कुछ सालों में फीके पड़ गए हैं। बड़े-बुजुर्ग इस बात पर अफ़सोस जताते हैं कि अब हंसी-मजाक, उत्साह और वह जीवंत भावना नहीं रही जो कभी इस उत्सव की पहचान हुआ करती थी। पानी की बौछारों की आवाज़ और होली की जीवंतता ने कुछ ही घंटों के उत्सव के बाद एक शांत ले ली है। आओ राधे खेलें फाग, होली आई के हर्षोल्लास और उत्सव के इर्द-गिर्द होने वाली मस्ती-मजाक की आवाज़ें समय के साथ दबती जा रही हैं।

फाल्गुन आते ही होली का उत्साह हवा में घुलने लगा। मंदिरों में फाग की ध्वनि गूंजने लगी और हर तरफ़ होली के लोकगीत सुनाई देने लगे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ पारंपरिक नृत्यों ने होली के रंग चारों ओर बिखेर दिए। लोग ख़ुशी से एक-दूसरे पर पानी की छींटे मारते रहे और कोई कड़वाहट नहीं थी, बस ख़ुशी थी। होली की तैयारियाँ वसंत पंचमी से ही शुरू हो जाती थीं और समुदाय के आंगन और मंदिर चंग की थाप से जीवंत हो उठते थे। रात में चंग की थाप के साथ नृत्य ने सभी को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। दूर से फाल्गुन गीत और रसिया गाने वाले लोग नृत्य में शामिल होकर तारों की छांव में होली का आनंद मनाते थे। हालांकि, जैसे-जैसे समय बदला है, रिश्तों की गर्माहट फीकी पड़ती नज़र आती है। आजकल होली की बधाई अक्सर मोबाइल या इंटरनेट के जरिए भेजे गए हैप्पी होली के साथ शुरू और ख़त्म होती है। पहले जैसा उत्साह और जश्न का माहौल अब नहीं रहा। पहले बच्चे हर मोहल्ले में होली के लिए समूह बनाकर होली का दान इकट्ठा करते थे और खुशी-खुशी किसी पर भी रंग फेंकते थे। यहाँ तक कि जब उन्हें चिढ़ाया या डांटा जाता था, तो वे हंसते थे। अब ऐसा लगता है कि लोग मौज-मस्ती करने के बजाय बहस करने में ज़्यादा रुचि रखते हैं।

पहले के समय में पड़ोसियों की बहू-बेटियों को परिवार की तरह माना जाता था। घर स्वादिष्ट व्यंजनों की ख़ुशबू से भर जाते थे और मेहमानों का खुले दिल से स्वागत किया जाता था। आज, समारोह ज्यादातर अपने घर तक ही सीमित रह गए हैं और समुदाय की भावना कम होती जा रही है। फ़ोन पर एक साधारण होली मुबारक ने पहले के दिल से जुड़े रिश्तों की जगह ले ली है, जिससे रिश्ते कम मधुर लगने लगे हैं। इस बदलाव के कारण परिवार अपनी बहू-बेटियों को दोस्तों या रिश्तेदारों से मिलने देने में हिचकिचाते हैं। पहले लड़कियाँ होली के दौरान ख़ुशी और हंसी-मजाक करती हुई खुली हवा में घूमती थीं, लेकिन अब अगर कोई लड़की किसी रिश्तेदार के घर ज़्यादा देर तक रुकती है, तो उसके परिवार में चिंता पैदा हो जाती है।

होली का त्यौहार खुशियों का मौसम हुआ करता था, जिसकी शुरुआत होली के पौधे लगाने से होती थी। छोटी-छोटी लड़कियाँ गाय के गोबर से वलुडिया बनाती थीं, खूबसूरत मालाएँ बनाती थीं, जिन पर आभूषण, नारियल, पायल और बिछिया होती थीं। दुख की बात है कि ये परंपराएँ अब ख़त्म हो गई हैं। पहले घर पर ही टेसू और पलाश के फूलों को पीसकर रंग बनाया जाता था और महिलाएँ होली के गीत गाती थीं। होली के दिन सभी लोग चंग की ताल पर नाचते हुए जश्न मनाते थे। बसंत पंचमी से ही फाग की धुनें गूंजने लगती थीं, लेकिन अब होली के गीत कुछ ही जगह सुनाई देते हैं। परंपरागत रूप से, विभिन्न समुदायों के लोग ढोलक और चंग की थाप के साथ होली खेलने के लिए एकत्रित होते थे। अब वह जीवंत भावना कहाँ चली गई है?

आज, होली महज़ एक परंपरा की तरह लगती है। हाल के वर्षों में, सामाजिक गुस्सा और विभाजन इतना बढ़ गया है कि कई परिवार इस त्यौहार के दिन घर के अंदर ही रहना पसंद करते हैं। वैसे तो लोग सालों से होली का त्यौहार उत्साह के साथ मनाते आ रहे हैं, लेकिन इस त्यौहार का असली उद्देश्य



भाईचारा बढ़ाना और नकारात्मकता को दूर करना है, जो अब कहीं खो गया है। समाज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है और सामाजिक असमानता प्रेम, भाईचारे और मानवता के मूल्यों को ख़त्म कर रही है। एक समय था जब होली एक महत्त्वपूर्ण अवसर था, जब परिवार होलिका दहन देखने के लिए इकट्ठा होते थे और उसी दिन वे खुशी-खुशी एक-दूसरे पर रंग लगाते और अबीर फेंकते थे। समूह होली की खुशियाँ बाँटने के लिए एक-दूसरे के घर जाते और भांग की भावना में डूबे हुए फगुआ गीत गाते थे। अब, वास्तविकता यह है कि होली पर कुछ ही लोग घर से बाहर रहना पसंद करते हैं। हर महीने और हर मौसम में एक नया त्यौहार आता है, जो हमें उस ख़ुशी की याद दिलाता है जो वे ला सकते हैं। ये उत्सव हमें उत्साहित करते हैं, हमारे दिलों में उम्मीद जगाते हैं और अकेलेपन की भावनाओं को दूर करते हैं, भले ही कुछ पल के लिए ही क्यों न हो। हमें इस त्यौहारी भावना को संजोकर रखना चाहिए।

## नजरिया

# भारत-बांग्लादेश संबंध : विश्वास की नई राह या बढ़ता तनाव?

**नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

भारत और बांग्लादेश का रिश्ता ऐतिहासिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से गहरे संबंधों से जुड़ा हुआ है। दोनों देश एक साझा इतिहास और संस्कृति को साझा करते हैं, लेकिन समय-समय पर विभिन्न कारणों से इन संबंधों में खटास भी देखी गई है। हाल ही में बांग्लादेश के अंतरिम सरकार प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने भारत-बांग्लादेश संबंधों को लेकर एक ईमानदार आकलन प्रस्तुत किया है। उन्होंने स्वीकार किया कि दोनों देशों के पास अच्छे संबंध बनाए रखने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। हालांकि, उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हाल के दिनों में कुछ मुद्दों के कारण इन संबंधों में तनाव देखा गया है। उनके अनुसार, यह तनाव बाहरी प्रचार' की देन है, लेकिन इस दावे की वैधता को संदेह की दृष्टि से देखा जा सकता है। बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार के भारत के साथ आरंभिक संबंध कुछ कठिनाइयों से गुज़रे हैं। इसका प्रमुख कारण बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हुए हमले और ढाका प्रशासन द्वारा इस मामले को संभालने का तरीका था। इस वजह से नई दिल्ली और ढाका के बीच तनाव की स्थिति बनी रही। इसके अलावा, भारत के लिए एक और चिंता का विषय पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की भारत में उपस्थिति और उनकी हालिया राजनीतिक गतिविधियाँ भी बनी हुई हैं।

भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पिछले महीने ओमान में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान बांग्लादेशी समकक्ष तौहीद हुसैन से मुलाकात की थी। इसके अलावा, भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिश्री ने दिसंबर में ढाका की यात्रा की थी। ये दोनों अवसर भारत और बांग्लादेश के लिए आपसी मुद्दों पर स्पष्ट संवाद स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण थे। हालांकि, यूनुस और उनकी सरकार के विभिन्न अधिकारियों ने इन अवसरों का पूरी तरह से उपयोग नहीं किया। इसका एक प्रमुख संकेत यह भी है कि दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ा और बांग्लादेशी नागरिकों को जारी किए जाने वाले वीज़ा की संख्या में भारी गिरावट आई। यूनुस ने स्वयं यह स्वीकार किया कि भारत और बांग्लादेश के बीच मजबूत संबंध होना आवश्यक है। खासतौर पर भारत के लिए यह और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसके उत्तर-पूर्वी राज्यों की सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि काफी हद तक बांग्लादेश के साथ घनिष्ठ संबंधों पर निर्भर करती है। पिछले एक दशक में दोनों देशों के बीच व्यापार और सुरक्षा सहयोग के कारण इस क्षेत्र को व्यापक आर्थिक लाभ हुआ है। यदि बांग्लादेश भारत के साथ संबंधों को मजबूत बनाए रखना चाहता है, तो उसे नई दिल्ली की चिंताओं और 'रेड लाइन्स' को समझते हुए उनके प्रति अधिक संवेदनशीलता दिखानी होगी।

बांग्लादेश की वर्तमान सरकार को इस बात पर विचार करना चाहिए कि भारत-बांग्लादेश संबंधों को प्रोपेगेंडा या बाहरी प्रचार से नहीं, बल्कि वास्तविक नीतियों और आपसी समझ से निर्देशित किया जाना चाहिए। दोनों देशों को उन तत्वों की पहचान करनी होगी, जो आपसी संबंधों में दरार डालने की कोशिश कर रहे हैं। भारत और बांग्लादेश के बीच आर्थिक संबंधों की दृष्टि से व्यापारिक आदान-प्रदान को सुगम बनाना आवश्यक है। वर्तमान में भारत, बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। भारतीय कंपनियाँ बांग्लादेश में निवेश कर रही हैं, और बांग्लादेश भारत को विभिन्न वस्तुओं का निर्यात कर रहा है। हालांकि, कुछ व्यापारिक असंतुलन अभी भी मौजूद हैं, जिसे दोनों देशों को मिलकर हल करना होगा।

सुरक्षा के संदर्भ में भी दोनों देशों का सहयोग आवश्यक है। भारत के लिए, बांग्लादेश की स्थिरता का सीधा प्रभाव उसके पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा पर पड़ता है। यदि बांग्लादेश में आंतरिक अशांति या कट्टरपंथी गतिविधियाँ बढ़ती हैं, तो इसका प्रभाव भारत के सीमावर्ती इलाकों पर भी पड़ सकता है। इसलिए, दोनों देशों को सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने के लिए निरंतर संवाद बनाए रखना चाहिए।

लोग-से-लोग संपर्क किसी भी द्विपक्षीय संबंध की नींव होते हैं। हाल के दिनों में, भारत द्वारा बांग्लादेशी नागरिकों के लिए वीज़ा प्रतिबंधों को कड़ा किए जाने से दोनों देशों के बीच संबंधों में एक अविश्वास की भावना उत्पन्न हो रही है। इस प्रकार के प्रतिबंधों से व्यापार, शिक्षा और पर्यटन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। दोनों देशों को इस मुद्दे को हल करने के लिए एक स्पष्ट नीति बनानी होगी ताकि नागरिकों के बीच विश्वास बना रहे।

राजनीतिक दृष्टिकोण से भी भारत-बांग्लादेश संबंध एक महत्वपूर्ण चरण में हैं। शेख हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश ने भारत के साथ एक स्थिर और मित्रतापूर्ण संबंध बनाए रखा था। लेकिन वर्तमान कार्यवाहक सरकार के तहत, कुछ नए तनाव सामने आए हैं। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता उसके साथ संबंधों को प्रभावित न करे। इसी तरह, बांग्लादेश को भी यह समझना चाहिए कि भारत के लिए उसके साथ स्थिर और विश्वसनीय संबंध बनाए रखना प्राथमिकता है।

आगामी बिम्सटेक शिखर सम्मेलन भारत और बांग्लादेश के नेताओं के बीच बातचीत का एक महत्वपूर्ण अवसर हो सकता है। यदि इस सम्मेलन के दौरान यूनुस और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच बैठक होती है, तो यह दोनों देशों के बीच संबंधों को फिर से मजबूत करने का एक अवसर बन सकता है। इस बैठक में द्विपक्षीय व्यापार, सुरक्षा सहयोग और वीज़ा प्रतिबंधों को लेकर चर्चा की जा सकती है। भारत और बांग्लादेश दोनों को यह समझना होगा कि उनका सहयोग न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया के लिए महत्वपूर्ण है। दोनों देशों के बीच संबंधों में यदि सुधार होता है, तो यह पूरे क्षेत्र की स्थिरता और विकास में योगदान देगा। इसके लिए, केवल सरकारों को ही नहीं, बल्कि दोनों देशों की जनता को भी आपसी समझ और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना होगा। यह आवश्यक है कि दोनों देश पारस्परिक सम्मान, विश्वास और सहयोग के आधार पर अपने संबंधों को और अधिक मजबूत बनाएं।

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

लट्ठमार होली



मथुरा के नंदगांव में 'रंगोत्सव 2025' के दौरान 'लट्ठमार' होली मनाते हुए भक्त।

## विदेश मंत्री जयशंकर की ब्रिटेन की यात्रा संपन्न, साझेदारी को 'नई गति' मिलने की उम्मीद

लंदन/भाषा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर का ब्रिटेन दौरा रविवार को संपन्न हुआ और इस दौरान दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों की पुष्टि हुई तथा व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई गति देने की दिशा में काम हुआ। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी की मेजबानी में टोटेनहम हॉटस्पर स्टेडियम के दौरे के साथ जयशंकर ने अपनी यात्रा का समापन किया। ब्रिटेन और आयरलैंड के लगभग एक सप्ताह के दौरे के अंतिम दिन रविवार को विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गुड मैच इन ग्रेट कंपनी (शानदार लोगों के साथ अच्छा मैच देखा)। वह स्टेडियम में टोटेनहम बनाम बोर्नमाउथ फुटबॉल मुकाबले के लिए लैमी के साथ स्टेडियम गए थे।

बयान में जयशंकर की कई उच्च-स्तरीय बैठकों का संक्षिप्त ब्योरा दिया गया है, जिसमें चेवनिंग हाउस में लैमी के साथ ''व्यापक'' वार्ता, ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर, उप प्रधानमंत्री एंजेला रेनर, व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स और गृह मंत्री यवेट कूपर के साथ चर्चा शामिल हैं। ब्रिटेन की यात्रा के दौरान जयशंकर ने बेलफास्ट और मैनचेस्टर में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया और सरकार, व्यवसाय, शिक्षा तथा भारतीय प्रवासियों के प्रमुख हितधारकों के साथ संवाद किया। विदेश मंत्रालय ने कहा, ''इस यात्रा ने भारत और ब्रिटेन के बीच मजबूत संबंधों की पुष्टि की, जिससे भारत-ब्रिटेन की व्यापक रणनीतिक साझेदारी में नई गति आई।'' ''इस यात्रा ने उभरते वैश्विक परिदृश्य में राजनीतिक, आर्थिक और लोगों से लोगों के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता को मजबूत किया।''

उद्घाटन



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सोमवार को नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में एबीवीपी द्वारा आयोजित 'छात्र संसद' कार्यक्रम का उद्घाटन करती हुई।

# अमेरिकियों को कोई गलती नहीं करनी चाहिए, कनाडा व्यापार युद्ध जीतेगा: मार्क कार्नी

ओटावा/भाषा। कनाडा के अगले प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर ''अनुचित शुल्क'' लगाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अमेरिकियों को कोई गलती नहीं करनी चाहिए, क्योंकि कनाडा व्यापार युद्ध में उसी तरह जीतेगा, जैसे वह हॉकी में जीतता है।

कार्नी कनाडा में सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी के नेता चुने गए हैं और वह जस्टिन ट्रूडो की जगह देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। कार्नी ने रविवार को अपने संबोधन में अमेरिकी राष्ट्रपति पर यह सुझाव देने के लिए भी निशाना साधा कि कनाडा को अमेरिका में उसके 51वें प्रांत के रूप में शामिल हो जाना चाहिए। कार्नी (59) ने कहा, ''अमेरिका कनाडा नहीं है। और कनाडा कभी भी, किसी भी रूप में, अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा। इसलिए, अमेरिकियों को कोई गलती नहीं करनी चाहिए...हॉकी की तरह कनाडा व्यापार में भी जीतेगा। लेकिन यह जीत आसान नहीं होगी। हम अपने जीवन के सबसे बड़े संकट का सामना कर रहे हैं। हमें असाधारण काम करने होंगे...साथ मिलकर।''

कनाडा के केंद्रीय बैंक के पूर्व प्रमुख कार्नी ने अपने संबोधन में ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि कोई है जो हमारी अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है।कार्नी ने कहा, ''हम जो बनाते हैं, जो बेचते हैं, जिस तरह से हम जीविकोपार्जन करते हैं, उस पर ट्रंप ने अनुचित शुल्क लगा दिए हैं। वह कनाडाई श्रमिकों, परिवारों और व्यवसायों को निशाना बना रहे हैं। हम उन्हें सफल नहीं होने दे सकते।'' उन्होंने कहा कि कनाडाई सरकार अपने शुल्क के साथ सही तरीके से जवाबी कार्रवाई कर रही है जिसका अमेरिका में अधिकतम प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, ''मेरी सरकार तब तक शुल्क को जारी रखेगी जब तक अमेरिकी हमें सम्मान नहीं देते... और मुक्त और निष्पक्ष व्यापार के लिए विश्वसनीय, भरोसेमंद प्रतिबद्धता नहीं देते।''कनाडा को अमेरिका का 51वां प्रांत बनाने के ट्रंप के सुझाव की ओर परोक्ष तौर पर इशारा करते हुए कार्नी ने कहा, ''अमेरिकी हमारे संसाधन, हमारे पानी, हमारा जमीन, हमारा देश चाहते हैं। एक पल के लिए इस बारे में सोचें। अगर वे सफल होते हैं, तो वे हमारे जीवन के तरीके को नष्ट कर देंगे।''

ट्रंप ने कहा था कि वह कनाडा को अमेरिका का हिस्सा बनाने के लिए आर्थिक बल का इस्तेमाल करेंगे।

कार्नी ने कहा, ''जीवन जीने का आनंद, संस्कृति और फ्रेंच भाषा हमारी पहचान का हिस्सा हैं। हमें उनकी रक्षा करनी चाहिए, हमें उन्हें बढ़ावा देना चाहिए।

# ईरान ने कहा कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम के सैन्यीकरण से जुड़ी चिंताओं पर बातचीत के लिए तैयार

तेहरान। ईरान ने रविवार को कहा कि वह उस स्थिति में अमेरिका के साथ बातचीत पर विचार कर सकता है जब वार्ता उसके परमाणु कार्यक्रम के सैन्यीकरण की चिंताओं तक ही सीमित हो।

संयुक्त राष्ट्र के लिए ईरान के मिशन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''यदि वार्ता उसके परमाणु कार्यक्रम के सैन्यीकरण की चिंताओं तक ही सीमित है तो ऐसी चर्चाओं पर विचार किया जा सकता है।'' इससे एक दिन पहले ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामनेई ने अमेरिका के साथ वार्ता को अस्वीकार कर दिया था और कहा था कि उसका उद्देश्य ईरान के मिसाइल कार्यक्रम पर रोक लगाना है। दरअसल अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि उन्होंने ईरान को एक पत्र भेजा है जिसमें उन्होंने तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम पर लगाम लगाने तथा अपने पहले कार्यकाल के दौरान अमेरिका को जिस परमाणु समझौते से अलग कर लिया था, उसके स्थान पर एक नया समझौता करने की बात की है।

ट्रंप की बात के बाद खामनेई ने वार्ता से इनकार कर दिया था।

खामनेई ने कहा कि अमेरिका की मांगें सेना से जुड़ी और ईरान के क्षेत्रीय प्रभाव से संबंधित होंगी। उन्होंने कहा था कि ऐसी वार्ताओं से ईरान और पश्चिमी देश के बीच की समस्याओं का समाधान नहीं होगा। रविवार को जारी ईरान के सरकारी बयान में सैन्यीकरण के संबंध में चिंताओं को लेकर बातचीत पर रजामंदी जताई गई लेकिन इस बात पर जोर दिया गया कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत नहीं करेगा क्योंकि ये कार्यक्रम शांतिप्रिय उद्देश्यों के लिए हैं। संयुक्त राष्ट्र के लिए ईरान के मिशन ने कहा, ''हालांकि, यदि इसका उद्देश्य ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम को खत्म करना है और यह दावा करना है कि जो हासिल करने में तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा विफल रहे, वह अब पूरा हो गया है, तो ऐसी वार्ता कभी नहीं होगी।''

प्रदर्शन




तिब्बती समुदाय के सदस्य सोमवार को नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर 66वें तिब्बती विद्रोह दिवस के उपलक्ष्य में प्रदर्शन करते हुए।

# शालिनी पांडे और कार्तिक आर्यन की जोड़ी ऑन-स्क्रीन परफेक्ट होगी : गजराज राव

**मुंबई/एजेन्सी**

जानेमाने अभिनेता गजराव राव ने कहा है कि शालिनी पांडे और कार्तिक आर्यन की जोड़ी ऑन-स्क्रीन परफेक्ट होगी। शालिनी पांडे इन दिनों अपनी हाल ही में रिलीज़ हुई सीरीज़ 'डब्बा कार्टेल' की सफलता का आनंद ले रही हैं, जिसमें शबाना आज़मी और ज्योतिका भी अहम भूमिका में हैं। इस शो को दर्शकों और प्रशंसकों से खूब सराहना मिल रही है, खासतौर पर शालिनी के किरदार 'राजी' को काफी पसंद किया जा रहा है। हाल ही में आयोजित आइफा अवॉर्ड्स में दिग्गज अभिनेता गजराज राव ने शालिनी पांडे को कार्तिक आर्यन के साथ ऑन-स्क्रीन पेयरिंग के लिए एक बेहतरीन विकल्प बताया। गजराज राव ने कहा, मेरे दिमाग में दो नाम आते हैं। पहला है शिवानी रघुवंशी, जिनके साथ मैंने 'दुपहिया' में काम किया था,और दूसरा है शालिनी पांडे, जिनके साथ मैंने हाल ही में 'डब्बा कार्टेल' नाम की वेब सीरीज़ की थी। वो कार्तिक आर्यन के लिए एक बेहतरीन ऑन-स्क्रीन पार्टनर हो सकती हैं।

'अर्जुन रेड्डी', 'जयेशभाई जोरदार', 'महाराज' और हाल ही में रिलीज़ हुई 'डब्बा कार्टेल' जैसी दमदार फिल्मों में अपनी प्रभावशाली अदाकारी से दर्शकों को प्रभावित कर चुकीं शालिनी पांडे ने सिनेमा में अपनी अलग पहचान बनाई है। अब गजराज राव की ये सिफारिश उनके और कार्तिक आर्यन के बीच संभावित सहयोग को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा रही है। कार्तिक की आकर्षक शख्सियत और शालिनी की दमदार स्क्रीन प्रेज़ेंस के साथ, यह जोड़ी बड़े पर्दे पर नई और दिलचस्प केमिस्ट्री पेश कर सकती है।

# यशराज फिल्म्स की फिल्म में काम करेंगी श्रिया पिलगांवकर

**मुंबई/एजेन्सी**



सचिन पिलगांवकर और सुप्रिया पिलगांवकर की पुत्री और अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर यशराज फिल्मस (वाईआरएफ) की आगामी फिल्म में काम करती नजर आ सकती हैं। श्रिया पिलगांवकर ने वर्ष 2016 में वाईआरएफ के बैनर तले बनीं फिल्म फैन के जरिये बॉलीवुड में अपनी शुरूआत की थी। इस फिल्म में श्रिया ने शाहरुख खान के साथ काम किया था। श्रिया, निर्देशक मनीष शर्मा द्वारा 750 लड़कियों के ऑडिशन से फिल्म फैन के लिये चुनी गई। उन्होंने जल्द ही अपनी पहचान बना ली। श्रिया ने एमी-नॉमिनेटेड मिर्जापुर, ब्रिटिश सीरीज़ बीचम हाउस, गिल्टी माइंड्स, ब्रोकन न्यूज़ और ताज़ा ख़बर जैसी परियोजनाओं में अपने अभिनय के लिए प्रशंसा अर्जित की। श्रिया नई परियोजना के लिए यशराज फिल्म्स में लौट आई हैं। सोशल मीडिया पर श्रिया द्वारा साझा की गई हाल ही में पर्दे के पीछे की एक तस्वीर ने प्रशंसकों के बीच अटकलों की लहर पैदा कर दी, जिन्होंने उनके हाथ में वाईआरएफ की स्क्रिप्ट देखी। प्रोडक्शन से जुड़े एक करीबी सूत्र के अनुसार, श्रिया बिल्कुल नए अवतार में नज़र आएंगी, जो रोमांच को और बढ़ा देगा।



# फिल्म 'सिकंदर' से सलमान खान का होली गाना 'बम बम भोले' का टीजर रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर का होली गाना 'बम बम भोले' का टीजर रिलीज हो गया है। सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म 'सिकंदर' का निर्देशन ए. आर. मुरुगादॉस ने किया है, जबकि इसे साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं। सलमान खान पर फिल्माया गया मच अवेटेड होली ट्रैक बम बम भोले का टीज़र रिलीज़ होते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है। गाने की शुरुआत जबरदस्त रैप से होती है,जो गाने में एक अलग ही जोश भर देता है।

रंगों से भरे धमाकेदार सीन और एनर्जी से लबरेज़ बीटस इस गाने को होली का परफेक्ट एंथम बना रहे हैं। टीज़र ने दर्शकों का एक्साइटमेंट और बढ़ा दिया है, अब सबको इसके फुल वर्जन का बेसब्री से इंतजार है।यह गाना कल रिलीज़ होने वाला है। बम बम भोले में शेखस्पीयर, वाई-ऐश और हुसैन (बॉम्बे लोकल) द्वारा लिखा और प्रस्तुत किया गया दमदार रैप शामिल है, जो गाने को और भी जोशीला बना देता है। खास बात यह है कि इस रैप में किड रैपर्स भीमराव जोगू, सरफराज शेख और फैजल अंसारी (द धारावी ड्रीम प्रोजेक्ट) भी नजर आएंगे, जो ट्रैक में एक रॉ, एनर्जेक्टिक वाइब जोड़ते हैं।इस गाने को संगीत के उस्ताद प्रीतम ने कंपोज किया है। गौरतलब है कि सलमान खान आगामी ईद पर 'सिकंदर' के साथ बड़े पर्दे पर वापस आ रहे हैं। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना और काजल अग्रवाल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# फिल्म 'ब्लाइंडसीडेड' 14 को रिलीज होगी

**मुंबई/एजेन्सी**

निर्देशक केडी संधू की फिल्म 'ब्लाइंडसीडेड' 14 मार्च को रिलीज होगी। फिल्म 'ब्लाइंडसीडेड' की कहानी कश्मीर के पृष्ठिभूमि के इर्द गिर्द घूमती है। कश्मीर में गुप्त ऑपरेशन के दौरान अपनी दृष्टि खो देने वाला जय एक सैन्यकर्मी है, जो अपनी मंगेतर जेनिफर के साथ अपनी नई जिंदगी शुरू कर रहा है। जैसे ही खुशी की उम्मीद जगी, चीजें तब बदल जाती हैं जब अल हसन मिजरी के सिंडिकेट की सदस्य सोफिया और रोलेक्स उनकी जिंदगी को दयनीय बना देती हैं। वे जो चाहते हैं उसे पाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

एक्शन और थ्रिल से भरपूर यह फिल्म एक खास तरह का मैसेज देती है। पचास से ज्यादा फिल्मों में मेन विलेन का किरदार निभा चुके अभिनेता केडी संधू इस फिल्म के लेखक-निर्माता और निर्देशक हैं। उन्होंने कहा,बॉलीवुड में मैंने 1996 से अभिनेता के रूप में अपने करियर की शुरुआत की। अब तक मैंने हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में काम किया है। डेविड धवन, गुड्डू धनोआ, देव आनंद, गुलजार साहब, राजकुमार संतोषी, इमरान खालिद जैसे बॉलीवुड के कई दिग्गज निर्देशकों के साथ सहायक निर्देशक के रूप में भी काम किया और स्टंट डायरेक्शन के रूप में मैंने टीनू वर्मा, श्याम कौशल, राम शेट्टी, जय सिंह निज्झर, मोहन बगड़, वीरू देवगन आदि के साथ काम किया है।

केडी संधू ने बताया फिल्म इंडस्ट्री में इतना काम करने के बाद अब मैं अपने बैनर मिकी फ्लिक्स एंटरटेनमेंट फिल्म और केडी आर्टर्स फिल्म्स इंटरनेशनल के सहयोग से अपने होम प्रोडक्शन एक्शन थ्रिलर फिल्म ब्लाइंडसीडेड का निर्माण और निर्देशन किया है।इस फिल्म की कहानी भी मैंने ही लिखी है। फिल्म में लीड भूमिका निभा रहे उधय बीर संधू इस फिल्म से काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, यह एक ऐसी थ्रिलर फिल्म है। जो दर्शकों को एक खास मैसेज देगी। फिल्म की कहानी के मुताबिक इस फिल्म की शूटिंग हमने मुंबई, चंडीगढ़, राजस्थान के विभिन्न स्थानों के अलावा यूरोप के अरमानिया, ग्रीस और जॉर्जिया में शूटिंग की है।




# ज़ी सिनेमा पर होगा 'सिंघम अगेन' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म 'सिंघम अगेन' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर होली के अवसर पर 14 मार्च को किया जायेगा। सिंघम अगेन का वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर इस शुक्रवार, 14 मार्च, रात 8 बजे जी सिनेमा पर किया जायेगा।इस बार जबर्दस्त स्टारकास्ट के साथ फिल्म का स्केल और भी बड़ा हो गया है। अजय देवगन फिर से अपने आइकॉनिक अवतार में बाजीराव सिंघम बनकर लौट रहे हैं,और उनके साथ अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और टाइगर श्रॉफ की ऐसी फौज है, जो किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटने वाली। ये सभी जांबाज़ योद्धा एक ही मकसद के लिए लड़ेंगे, अन्याय का खात्मा और बुराई का सर्वनाश, लेकिन मुकाबला आसान नहीं होगा, क्योंकि इस बार खतरनाक विलेन बनकर सामने आ रहे हैं अर्जुन कपूर, डेंजर लंका के किरदार में, जो पूरी ताकत से तबाही मचाने को तैयार है।

वहीं, करीना कपूर खान एक बार फिर सिंघम की पत्नी अवनी के दमदार किरदार में नज़र आएंगी, जो इस कहानी में जज़्बातों की गहराई लेकर आती हैं। जब अवनी का अपहरण होता है, तो उन्हें बचाने के लिए सिंघम अपनी टीम के साथ श्रीलंका में घुसकर दुश्मनों का सफाया करने निकलता है ,जहां एक ऐसी जंग छिड़ती है, जो अब तक सबसे बड़ी परीक्षा बनकर सामने आती है। अजय देवगन ने कहा,सिंघम हमेशा मेरे लिए खास रहा है,और इस किरदार को जो प्यार दर्शकों से मिला है, वो वाकई दिल छू लेने वाला है। इस बार ये और भी बड़ा है। ये सिर्फ सिंघम की नहीं, बल्कि जांबाज़ योद्धाओं की एक पूरी फौज की कहानी है, जहां हर कोई अपनी ताकत लेकर इस जंग में उतर रहा है। हर पंच, हर डायलॉग और हर पल उसी जज़्बे से भरा है, जिसने सिंघम को एक अजेय ताकत बनाया। इस होली, तैयार हो जाइए जबर्दस्त एक्शन, ड्रामा और एनर्जी के लिए, क्योंकि 14 मार्च को 'सिंघम अगेन' का प्रीमियर हो रहा है सिर्फ ज़ी सिनेमा पर।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

स्थानीय श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अलसूर के तत्वावधान में होली चातुर्मास हेतु आचार्यश्री पार्श्वचंद्रजी, डा. पदमचंद्रजी, जयधुरंधर मुनिजी, जयकलश मुनिजी, जयपुरंदरमुनिजी ने विशाल स्वागत जुलूस के साथ अलसूर स्थित महावीर भवन में प्रवेश किया।



# श्याम ज्योतिपाठ महिला परिवार द्वारा निशान यात्रा आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय श्याम ज्योति पाठ महिला परिवार द्वारा रविवार को रामसिसरिया गौशाला से श्याम मंदिर तक निशान यात्रा का आयोजन किया गया। सबसे पहले भक्तों ने पूरे विधि विधान से निशान पूजा की तथा सभी भक्तों को निशान वितरण किया गया। तत्पश्चात शोभायात्रा के साथ सभी श्रद्धालु हाथों में बाबा का निशान लेकर बाबा श्याम का गुणगान व जयकारे लगाते हुए पैदल श्याम मंदिर पहुंचे और बाबा श्याम को निशान अर्पण किए। दादी धाम प्रचार समिति, जीण दीवाने संस्था व चंद्रप्रकाश रामसिसरिया परिवार ने भी भक्तों की सेवा का लाभ लिया।



# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर डिजिटल सशक्तिकरण पहल 'टेक सहेली' का शुभारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डिजिटल साक्षरता पहल के अंतर्गत जीतो नार्थ लेडीज विंग व लेडीज़ विंग अपेक्स के संयुक्त तत्वाधान में महिलाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए 'टेक सहेली' का शुभारंभ चामराजपेट स्थित आदर्श कॉलेज में किया गया। 'टेक सहेली' भाविका कोठारी द्वारा परिकल्पित एवं संचालित टेक मासिक श्रृंखला है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक माह की 8 तारीख को एक प्रशिक्षण वीडियो ऑनलाइन लॉन्च किया जाएगा। यह वीडियो महिलाओं को सफलता और विकास हेतु आवश्यक डिजिटल कौशल सिखाने के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया है। इसका उद्देश्य डिजिटल साक्षरता को हर उस महिला तक पहुंचाना है जो तकनीक को अपनाना चाहती है, ताकि वे इस डिजिटल युग में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। अपेक्स डिजिटल लिटरेसी संयोजिका प्रियंका जैन ने 'टेक सहेली' को एक अभिनव पहल बताया। अध्यक्ष लक्ष्मी बाफना ने सभी का स्वागत किया। इस मौके पर जीतो नॉर्थ लेडीज़ विंग संयोजक नेमीचंद दलाल, केकेजी जोन संयोजिका पिंकी जैन, मेंटर मधु कटारिया एवं सरिता खिवेसरा, कोषाध्यक्ष तनूजा मेहता, सहमंत्री मीना बडेरा सहित कुल 80 सदस्याएं उपस्थित रहीं। सहसंयोजिका सुमन रांका ने मुख्य वक्ता भाविका कोठारी का परिचय दिया। महामंत्री रक्षा छाजेड़ ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए धन्यवाद दिया।



# 'बीदासर परिषद' की रजत जयंती व होली मिलन समारोह सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर की बीदासर परिषद द्वारा रजत जयंती वर्ष एवं होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन तुलसी चेतना केंद्र में किया गया। परिषद के अध्यक्ष रितेश दुगड़ ने सभी का स्वागत किया। मंत्री कमल सिंघी ने परिषद द्वारा संचालित विभिन्न सेवा कार्यों की जानकारी दी। विहार कर चेतना केन्द्र पधारीं साध्वीश्री पावनप्रभाजी ने उपस्थित बीदासरवासियों को आशीर्वाद दिया।

उन्होंने कहा कि तेरापंथ धर्मसंघ में बीदासर एक विशिष्ट स्थान रखता है तथा हमारे गुरुओं की विशेष कृपा दृष्टि सदैव बीदासरवासियों को प्राप्त होती रही है। कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष कन्हैयालाल गिड़िया एवं अभी तक के सभी पूर्व अध्यक्षों तथा मंत्रियों का सम्मान किया गया।

होली के अवसर पर 'रंग रसिया ग्रुप' द्वारा चंग, धमाल व गीतों की प्रस्तुति दी गई। पूर्व अध्यक्ष शोभाचंद दुगड़, हंसराज बोथरा, मनोज डागा, राकेश छाजेड़, श्रीपत दुगड़, अरविन्दकुमार सिंघी एवं पूर्व मंत्री राजेश छाजेड़, विनोद दुगड़, बुधमल बैंगानी, अमर बेंगानी, प्रवीण सिंघी, अंशुल गोलछा की उपस्थिति रही। महिलाओं व बच्चों के लिए अनेक मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कमलसिंह दुगड़ ने किया।



# चारों पुरुषार्थ में धर्म सर्वश्रेष्ठ है : महामण्डलेश्वर बालकानंदगिरि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। आनंदपीठाधीश्वर आचार्यश्री महामण्डलेश्वर श्री बालकानंदगिरिजी का बेंगलूरु प्रवास के दौरान रविवार को शहर के अग्रसेन भवन में प्रवचन हुआ। महाराजश्री ने अपने मुखारविंद से युवाओं को विशेष सन्देश देते हुए धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष इन चारों पुरुषार्थों में धर्म को प्रधान बताते हुए संस्कारवान जीवन शैली अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। माता-पिता की आज्ञा को धर्माज्ञा तुल्य बताते हुए युवा शक्ति को धर्मोचित पथ प्रदर्शित करते हुए संस्कारों का संरक्षण करने का सन्देश दिया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज कर्नाटक के अध्यक्ष सुभाष बंसल, उपाध्यक्ष संजय जालान व ललित गुप्ता, सचिव सतीश गोयल, रतनलाल सिंघल, बिपिनराम अग्रवाल, नरेश गुप्ता, संयुक्त सचिव विक्रम अग्रवाल, अग्रवाल युवा संघ के अध्यक्ष रोहित केडिया, अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष नीरू तायल सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## श्याम के जयकारे

फाल्गुन एकादशी के मौके पर बेंगलूरु के बन्नरघट्टा रोड स्थित श्याम मन्दिर में बाबा श्याम का फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में शाम भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें स्थानीय भजन गायकों ने बाबा श्याम को मधुर भजनों से रिझाते हुए फूलों की होली खेली। फाल्गुन एकादशी पर श्याम मंदिर में बाबा श्याम के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर बाबा श्याम के दर्शन किए।

# तेयुप राजाजीनगर के रक्तदान शिविरों में 24 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर ने रविवार को महिला दिवस एवं राउंड ईयर ह्यूमनिटी थीम के अंतर्गत में मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव शिविर का आयोजन मंत्री ग्रीन अपार्टमेंट मल्लेश्वरम एवं शोभा इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट राजाजीनगर में किया। शिविर में रक्तदान हेतु आए स्थानीय लोगों ने मानव सेवा के क्षेत्र में रक्तदान शिविर के आयोजन को आज की आवश्यकता बताया। ब्लड बैंक के सहयोग से कुल 24 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ। तेयुप के अध्यक्ष कमलेश चौरड़िया ने दोनों अपार्टमेंट प्रबंधकों का सम्मान किया। तेरापंथ सभा के उपाध्यक्ष विमल पितलिया व तेयुप के अध्यक्ष चौरड़िया ने शिविर प्रायोजक 33 स्टोर डॉट इन के प्रतिनिधि का सम्मान किया। तेयुप के विभिन्न सदस्यों ने शिविर में अपनी सेवाएं दी।

# बाबाश्री पुरुषोत्तमदास का जन्मोत्सव आज




बेंगलूरु/दक्षिण भारत। बाबा भक्तों की ओर से बाबाश्री पुरुषोत्तमदासजी महाराज का जन्मोत्सव मंगलवार को नेलमंगला स्थित मंदिर में मनाया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि शाम 6.30 बजे से भजन कीर्तन, महाआरती व महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने सभी गुरू भक्तों को इस जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने का निवेदन किया है।

# भोजपुरी समाज सेवा समिति का होली मिलन 14 को

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। भोजपुरी समाज सेवा समिति के सदस्यों की एक बैठक इंदिरानगर कार्यालय में हुई जिसमें सचिव गिरीशचन्द्र पाण्डेय ने बैठक की रूपरेखा प्रस्तुत की। महासचिव एलपी सिंह ने सभी का स्वागत किया।

समिति के संस्थापक अध्यक्ष एवं चेयरमैन संजयसिंह उज्जैन ने बताया कि समिति का 15वां होली मिलन समारोह वनारपेट में 14 मार्च को होगा। समारोह हेतु एक पांच सदस्यीय टीम गठित की गई जिसमें कैप्टन रिपुमर्दन कुमार को अध्यक्ष, पुष्करकुमार उर्फ मोनू को उपाध्यक्ष, एलपी सिंह को व्यवस्थापक, एनके सिंह एवं संजीत आनंद को सह व्यवस्थापक मनोनीत किया गया। बैठक में समारोह को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई।




# 'नारी तेरे रूप' विषय पर भाषा साहित्य मंच की काव्य गोष्ठी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भाषा साहित्य मंच द्वारा रविवार को महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारी तेरे रूप विषय पर काव्य गोष्ठी का ऑनलाइन आयोजन किया। मंच की वरिष्ठ सदस्या एवं सह-संयोजिका डॉ वत्सला किरण ने अध्यक्षता की। मंच की संस्थापिका अध्यक्ष डॉ उषा श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत किया।

गोष्ठी में शामिल कवयित्रियों, डॉ सुमन मलहोत्रा, रीना दयाल, ऋता शेखर, डॉ. उषा श्रीवास्तव, डॉ. वत्सला किरण, डॉ लावण्या, सरिता श्रीवास्तव, डॉ शांति मोहनन, डॉ भूमिका श्रीवास्तव, भगवती सक्सेना, अर्चना सिंह, प्रवीणा कुलश्रेष्ठ, डॉ मंजरी पाठक, गीता चौबे, त्रिशला मिश्रा ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी।

गोष्ठी की अध्यक्षा डॉ वत्सला किरण ने कहा कि आदि काल से ही भारत वर्ष में नारी का सम्मान रहा है। प्रवीणा कुलश्रेष्ठ ने धन्यवाद दिया।



# हर व्यक्ति की आत्मा के पास विद्यमान है सुख-समृद्धि का ख़ज़ाना : आचार्यश्री पार्श्वचन्द्र

## होली चातुर्मास के लिए अलसूर में किया प्रवेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अलसूर के तत्वावधान में होली चातुर्मास हेतु आचार्यश्री पार्श्वचंद्रजी, डा. पदमचंद्रजी, जयधुरंधर मुनिजी, जयकलश मुनिजी, जयपुरंदरमुनिजी ने विशाल स्वागत जुलूस के साथ अलसूर स्थित महावीर भवन में प्रवेश किया। अपने प्रथम उद्बोधन में आचार्य पार्श्वचंद्रजी ने कहा कि सुख और समृद्धि का सारा खजाना हर व्यक्ति की आत्मा के पास है। बस हमने अपने अंतर में झांकने का सम्यक प्रयास नहीं किया और मात्र दूसरों को सुखी देख कर लाचारी को महसूस किया है। हम अपनी शक्ति और सामर्थ्य को पहचानें और सुख का आनंद लें। अलसूर संघ की ओर से आचार्य एवं समस्त मुनिवृंदों का स्वागत करते हुए संघ के मंत्री अभयकुमार बांठिया ने कहा कि आचार्य का आगमन संघ के लिए पर्व का प्रसंग है। अलसूर संघ को संघ नायक के रूप में संघ को आचार्य पार्श्वचंद्रजी का सान्निध्य मिल रहा है। इससे पूर्व मल्लेश्वरम स्थानक से विहार यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। कुमारा पार्क होते हुए आचार्यश्री ने अपनी शिष्य संपदा के साथ अलसूर सीमा में प्रवेश किया। महिला मंडल ने स्वागत गीत का गान किया। जैन युवक संघ, महिला मंडल, नवकार बहूमंडल, बालक बालिका मंडल ने स्वागत जुलूस में भाग लिया। संघ के अध्यक्ष धनपतराज बोहरा ने सभी का स्वागत किया।



# आईजी गैर मंडल ने गैर नृत्य प्रस्तुत किया

मैसूरु/दक्षिण भारत । शहर के केआरएस रोड स्थित आईमाता मंदिर के प्रांगण में श्री आईजी गैर मंडल द्वारा होली के उपलक्ष्य में रोजाना गैर नृत्य की प्रस्तुत दी जा रही है। राजस्थानी ढोल की थाप पर महिलाएं नृत्य कर रही हैं। गैर मंडल के अध्यक्ष रूपाराम राठौड़ ने बताया कि गुरुवार के दिन रात्रि में होलिका दहन किया जाएगा तथा अगले दिन नवजात बच्चों की ढूँढ पूजा होगी। इस अवसर पर सीरवी समाज के अध्यक्ष मोटाराम सोलंकी, गैर मंडल के उपाध्यक्ष गोपाराम सोलंकी, सेवा संघ के अध्यक्ष चैनाराम राठौड़, सचिव मोहनलाल चोयल सहित बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया।





# शंकरपुरम के केसरिया आदिनाथ मंदिर में प्रतिष्ठा महोत्सव के विभिन्न पूजा-अनुष्ठान प्रारंभ

## विभिन्न लाभार्थी परिवारों ने पूजा अनुष्ठानों में लिया भाग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शंकरपुरम क्षेत्र में केसरिया आदिनाथजी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं प्राचीन श्री आदिनाथ प्रतिमा के प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन आचार्यश्री रत्नाकरसूरीश्वरजी व श्रुतोपासकश्री रत्नसंचय सूरीश्वरजी के सान्निध्य में सोमवार सुबह से मंदिर में लघु नंदावर्त पूजन, क्षेत्रपाल पूजन, दश दिकपाल पाटला पूजन, नवग्रह पाटला पूजन, सोलह विद्यादेवी पूजन, अष्टमंगल पाटला पूजन, लघु विशस्थानक पूजन, भैरव पूजन और नवपद पूजन जैसे विविध धार्मिक अनुष्ठान लाभार्थी परिवारों की उपस्थिति में विधिवत संपन्न हुए। महोत्सव में सोमवार को दांतेवाड़िया , नाहर, छाजेड़, सुन्देशामुथा, निंबजिया, खाँटेड, लूणिया, श्रीश्रीमाल, पिरगल, रातड़िया मुथा परिवारों ने पूजा में लाभ लिया। महोत्सव में सुबह की नवकारसी व शाम की नवकारसी का आयोजन भी किया गया, जिसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। शाम को नवपदविज्ञी पूजा और रात्रि को भव्य भक्ति संध्या का आयोजन किया गया जिसमें पारख ग्रुप द्वारा भक्ति गीतों व भजनों की प्रस्तुति दी गई। प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान मंदिरजी की साज-सज्जा अद्भुत रही। रंग-बिरंगी आकर्षक आंगी-रोशनी, दीपों की झिलमिलाहट, शानदार रंगोली, विविध गहुलियों के दर्शन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए है।

इस महोत्सव के सभी विधि-विधान व क्रियाएँ विधिकारक संजयभाई सोमाभाई द्वारा कराई जा रही है। संगीतकार सुनील व उनकी टीम द्वारा भक्ति संगीत दिया जा रहा है।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com